तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 18 सितंबर 2024

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

10 पीएम के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने चलाया अभियान



11 श्रद्धापूर्वक भगवान गणेश की मूर्ति का किया विसर्जन



## खबर संक्षेप

### मवेशी तस्करी करने वाला युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** मवेशी तस्करी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मवेशी 5 नग भैंस को अवैध रूप से परिवहन कर कत्ल खाना ले जाते हुए युवक को पकड़ा गया। जामुल पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया कि वाहन सीजी 07 सीएन 2670 में मवेशी भरकर कत्ल खाना ले जाने के लिए गोकुल नगर रोड कुरूद बस्ती की ओर से आ रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय ने अपनी टीम को सजग किया। टीम ने घेराबंदी कर कुरूद बस्ती गोकुल नगर रोड मुन्ना कुरैशी खटाल के पास से वाहन में 5 नग भैंस बिना चारा पानी के ठूस-ठूस कर क्रुरता पूर्वक भरा मिला। वाहन चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम बना थाना आदर्श मंडी जिला मुजफ्फर नगर यूपी और वर्तमान निवास इसरार डेयरी गोकुल नगर कुरूद निवासी मोहम्मद इंतिजार होना बताया है। मवेशी को ले जाने के लिए चालक के पास 25 हजार रुपए मिला। कुल जुमला 14 लाख 25 हजार रूपये के सामान को जब्त किया गया।

### नशे की दवा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे की दवा के साथ दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर केन्द्रीय जेल दुर्ग कैंटिन के पास नशे की दवा लेकर ग्राहक की तलाश में खड़ा था।पुलिस ने घेराबंदी कर पचरीपारा वार्ड 28 दुर्ग निवासी हार्दिक भोई, वार्ड 44 कसारीडीह दिलीप साहू को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से पुलिस ने अलग अलग 129 स्ट्रप जब्त किया गया। कुल 1265 टेबलेट, 184 नशीली कैप्सूल और नगदी हजार रुपए बरामद किया है। कार्रवाई में पदमनाभपुर टीआई अंबिका प्रसाद ध्रुव व उनकी टीम का योगदान रहा है।

### दो बाइक आपस में टकराई, चार घायल

**भिलाई।** दो बाइक आपस में टकराने से चार युवक घायल हो गए है। घटना जी केबिन चरोदा का है। जीआरपी चरोदा ने बताया कि दो बाइक आपस में टकरा गई। घटना में एक बाइक में तीन और एक में सिंगल युवक सवार थे। आपस में टकरा जाने से अजय, विजय गोपाल और राजा राव को चोट आई है। बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। हादसे में इसमें दो युवक गंभीर रुप से घायल है। जिन्हे रेफर किया गया है। घटना के बाद मुलाहिजा कराने राजा राव नहीं पहुचा बल्कि फरार हो गया। सूचना पर पुलिस ने तीनों युवको को उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया है।

# चार शिक्षक ट्रेनिंग और ऐच्छिक अवकाश पर, हेड मास्टर ने कराई छुट्टी

**ग्रामीणों की शिकायत पर मची खलबली, शिक्षकों की मनमानी उजागर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग




मुख्यालय से लगे ग्राम मोहलाई के प्राथमिक स्कूल में मनमानी सामने आई है। स्कूल में पदस्थ दो शिक्षक ऐच्छिक अवकाश पर चले गए, वही दो शिक्षक ट्रैनिंग (एफएलएन) में गए थे। ऐसे में हेडमास्टर ने स्कूल की ही छुट्टी करा दी और ताला ही नहीं खोला। इस मनमानी की शिकायत कलेक्टर से भी की गई है।

जानकारी अनुसार प्राथमिक स्कूल में पहली से पांचवी तक 212 बच्चे अध्यनरत है। प्राथमिक की छुट्टी की जानकारी के बाद मिडिल के बच्चे भी टीचरों से छुट्टी देने की मांग करते रहे। मोहलाई में ही मिडिल स्कूल भी संचालित हैं। यहां आठ शिक्षक पदस्थ है। मंगलवार को यहां स्कूल खुले थे, लेकिन पास के ही प्राथमिक स्कूल में ताला लगा पाया गया। इस मामले की शिकायत ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से भी की है। जानकारी अनुसार कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से भी शिकायत हुई है।

### शिक्षक नहीं थे : हेडमास्टर

स्कूल के हेडमास्टर रतीराम यादव का कहना हैं कि, स्कूल में पांच शिक्षक है। जिसमें से तीन ट्रेनिंग में थे, वहीं उनके साथ दो शिक्षक ऐच्छिक अवकाश पर थे। इसलिए उन्होंने स्कूल का ताला ही नहीं खोला और अघोषित छुट्टी कर दी।

### नहीं बांटा गया मध्यान्ह भोजन

प्राथमिक स्कूल मोहलाई में हेडमास्टर रतीराम यादव द्वारा अघोषित छुट्टी किए जाने से स्कूल में मध्यान्ह भोजन का भी वितरण नही किया गया। स्कूल में कुछ बच्चे पहुंचे भी थे, लेकिन बच्चों को गणेश विसर्जन की छुट्टी होने की बात कह दी गई। जिसके बाद स्कूल के न ताले खुले और न ही मध्यान्ह भोजन बन सका।

**शिक्षा का अधिकार अधिनियम में एक कक्षा में 35 से ज्यादा बच्चे नहीं बैठा सकते**

# स्वामी आत्मानंद स्कूलों में एक कक्षा में पढ़ रहे सौ से ज्यादा बच्चे

देवीलाल साहू ▶▶भिलाई

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम सरकारी स्कूलों में टीचर के अनुपात में बच्चों की दर्ज संख्या दोगुनी हो गई है। ज्यादातर स्कूलों को हाल यह है कि एक कक्षा में 100 से ज्यादा बच्चों की पढ़ाई हो रही है। जबकि एक कक्षा को पढ़ाने के लिए महज दो टीचर ही हैं। जिले में प्राइमरी और मिडिल की 12 स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित हैं। जिसमें से केवल एक स्कूल है जहां बच्चों की निर्धारित संख्या के हिसाब से टीचर हैं। वह है स्वामी आत्मानंद स्कूल तितुरडीह दुर्ग। इसके अलावा बाकी के 11 स्वामी आत्मानंद स्कूलों में नार्म्स के हिसाब से टीचर कम है। इसका असर पढ़ाई की गुणवत्ता पर पड़ने लगा है।

### एक कक्षा में 40 से ज्यादा बच्चे नहीं

अधिनियम कहता है कि एक कक्षा में 40 से ज्यादा बच्चों को नहीं बिठा सकते। लेकिन दुर्ग जिले के 24 प्राइमरी और मिडिल स्वामी आत्मानंद स्कूलों में बच्चों को क्षमता से ज्यादा बिठाया जा रहा है। पूरे 22 स्कूलों में इस तय मापदंड का पालन नहीं हो रहा है। सभी कक्षाओं में दर्ज संख्या 50 से ज्यादा है।




**11 आत्मानंद स्कूलों में नार्म्स के हिसाब से टीचर नहीं**

### स्वामी आत्मानंद स्कूल कुम्हारी

इस स्कूल के प्राइमरी में कुल 522 बच्चे पढ़ते हैं।क्लास वन में 103, क्लास टू में 107, क्लास-3 में 100, क्लास -4 में101 और क्लास-5 में 111 बच्चे अध्ययनरत हैं। इस स्कूल में कुल 10 टीचर पदस्थ हैं। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के हिसाब से औसत टीचर संख्या 13 होना चाहिए। यानी 3 टीचर कम हैं। इसी तरह यहां के मिडिल स्कूल में 305 बच्चे दर्ज हैं। क्लास-6 में 103, क्लास-7 में 103 और क्लास 8 में 99 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। यहां 6 टीचर हैं। नार्म्स के हिसाब से 9 टीचर की जरूरत है। 3 टीचरों की कमी है।

### बालाजी नगर खुर्सीपार

इस स्कूल के प्राइमरी में 625 बच्चे पढ़ते हैं। क्लास वन में 138, क्लास टू में 119, क्लास-3 में 98, क्लास -4 में138 और क्लास-5 में 132 बच्चे अध्ययनरत हैं। इस स्कूल में कुल 11 टीचर पदस्थ हैं। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के हिसाब से औसत टीचर संख्या 16 होना चाहिए। यानी 5 टीचर कम हैं। इसी तरह यहां के मिडिल स्कूल में 415 बच्चे दर्ज हैं। क्लास-6 में 158, क्लास-7 में 129 और क्लास 8 में 128 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। यहां 8 टीचर हैं। नार्म्स के हिसाब से 12 टीचर की जरूरत है। यानी 4 टीचरों की कमी है।

### सेक्टर 6 व उतई

प्राइमरी स्कूल सेक्टर 6 में 357 बच्चे पढ़ते हैं। क्लास वन में 89, क्लास टू में 62, क्लास-3 में 60, क्लास -4 में 66 और क्लास-5 में 80 बच्चे अध्ययनरत हैं। इस स्कूल में कुल 4 टीचर पदस्थ हैं। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के हिसाब से औसत टीचर संख्या 9 होना चाहिए। यानी 5 टीचर कम हैं। स्वामी आत्मानंद मिडिल स्कूल उतई में 297 बच्चे पढ़ते हैं। क्लास-6 में 99, क्लास-7 में 101 और क्लास 8 में 97 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। यहां 5 टीचर हैं। नार्म्स के हिसाब से 8 टीचर की जरूरत है। इस तरह 3 टीचरों की कमी है।

कमी होगी दूर: स्वामी आत्मानंद स्कूलों में जहां ज्यादा बच्चे हैं वहां के लिए शिक्षकों की कमी दूर की जा रही है। संविदा में भी शिक्षक नियुक्त किए गए हैं। -अरविंद मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग

**प्राइमरी में दर्ज संख्या व टीचरों की स्थिति**

| स्कूल | प्राइमरी | टीचर संख्या | एक्ट शिक्षक संख्या |
|---|---|---|---|
| कुम्हारी | 522 | 10 | 13 |
| जजंगिरी | 249 | 06 | 06 |
| भिलाई तीन | 329 | 05 | 08 |
| दीपकनगर | 316 | 05 | 08 |
| छावनी | 276 | 05 | 07 |
| बालाजी नगर | 625 | 11 | 16 |
| फरीदनगर | 296 | 04 | 07 |
| नगपुरा | 324 | 06 | 08 |
| रिसाली | 270 | 06 | 08 |
| सेक्टर 6 | 357 | 04 | 09 |
| तितुरडीह | 175 | 05 | 05 |
| उतई | 267 | 04 | 07 |

### 40 बच्चों में एक शिक्षक का नियम

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के हिसाब से मिडिल स्कूल में विज्ञान, गणित, सामाजिक अध्ययन और भाषा में कम से कम एक टीचर होना चाहिए। उसके बाद भी अधिकांश मिडिल स्कूलों में इन विषयों के टीचरों की कमी बनी हुई है। इसी तरह प्राइमरी स्कूलों में इस अधिनियम के हिसाब से 40 बच्चों पर एक टीचर नियुक्त होना चाहिए। खास बात यह है कि अधिनियम केंद्रीय सरकार ने बनाया है। उसमें कोई भी संशोधन राज्य सरकार द्वारा नहीं किया गया है।

### स्वामी आत्मानंद स्कूलों की डिमांड बढ़ी

स्वामी आत्मानंद स्कूलों की डिमांड इसलिए बढ़ गई है कि यहां 90 प्रतिशत स्कूलों में इंग्लिश मीडियम की पढ़ाई हो रही है। जिसकी वजह से मध्यम और निम्न वर्ग के लोग अपने बच्चों को यहां भर्ती करवा रहे हैं। पालकों को फीस नहीं देना पड़ रहा है। निजी स्कूलों में एक बच्चे की पढ़ाई पर हर साल 20 से 35 हजार रुपए शिक्षण शुल्क, पुस्तक व अन्य खर्च करने पड़ते हैं। स्वामी आत्मानंद स्कूलों में मुफ्त किताबें और फीस है।

**जेवरा सिरसा चौकी की घटना**

# दाल मिल में लगी आग 70 दमकल वाहन ने बुझाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दाल मिल में अचानक आगजनी की घटना होने से लाखों रुपए का बारदाना जलकर खाक हो गया है। घटना जेवरा सिरसा पुलिस चौकी क्षेत्र का है। सूचना पर 70 दमकल वाहन मौके पर पहुची तब जाकर आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक जेवरा सिरसा स्थित नमन फ़ूड प्रोडक्टस (दाल मिल ) में मंगलवार को अचानक भीषण आग लग गई। फैक्ट्री में शार्ट सर्किट होने से आग लगने का संदेह जताया जा रहा है। फैक्ट्री के संचालक ने फायरब्रिगेड की टीम को सुबह सूचना दिया। तुरंत टीम मौका पर पहुची। नमन फूड प्रोसेस के संचालक नमन जैन ने दमकल वाहन को जानकारी दी थी। आगजनी को बुझाने के लिए दमकल की टीम सुबह से ही जुटी रही। फैक्ट्री के भीतर आग बुझाने दीवार बाधा बन रही थी। जिसे जेसीबी बुलाकर दीवार को तोड़ा गया। फिर दमकल कर्मियों ने एक के बाद एक दमकल वाहनों को मंगाया गया और आग पर काबू पाया गया। फैक्ट्री में आग इतनी भयानक थी कि फायर ब्रिगेड के दमकल वाहन आग बुझाने में दिक्कत हो रही थी। पहले सुरक्षा के लिहाज से जेवरा पुलिस ने मौजूद भीड़ को बाहर किया। इसके बाद तेज गति से आग को बुझाया गया। आगजनी के कारण को पुलिस जांच कर रही है।

### बारदाना के चलते बढ़ी आग

बताया जा रहा है कि मुताबिक आग शॉर्ट सर्किट होने से लगी है। आग पहले बिजली केबल पर लगी। इसके बाद धीरे धीरे वहां फैक्ट्री में रखे बारदाना(जूट और प्लास्टिक की बोरी, बोरे) में लग गई। इससे आग तेजी से बढ़ गई। समय रहते आग को दमकल कर्मियों ने बुझा दिया नहीं तो बड़ी वारदात हो सकती थी।

### छग कनौजिया सोनार समाज का चुनाव आज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कनौजिया प्रदेश सोनार समाज के प्रदेश चुनाव प्रभारी परदेशी राम सोनी ने भिलाई 3 मंडल में चुनाव कराने तारीख घोषित किया है। सोनार समाज भिलाई 3 शाखा का कार्यकाल तीन वर्ष का रहेगा। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के समाजिक बंधुओ को अपना मत का अधिकार रहेगा। जैसे भिलाई 3, चरोदा, उम्दा के समाजिक बंधु अपना मत का प्रयोग करेंगे। भिलाई 3 मंडल में अध्यक्ष , उपाध्यक्ष,सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष, महिला मोर्चा के लिए दो पद अध्यक्ष व सचिव के लिए 24 सितंबर से 3अक्टूबर तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक मतदाता सूची का अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगा। जिनका नाम समाजिक मतदाता सूची में नहीं है वे अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। 18 अक्टूबर को मतदान प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक सोनार समाज भिलाई तीन में संपन्न होगा।

# दस जुआरियों से 61260 जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

जुआ खेल रहे जुआरियों को पुलिस ने दबिश देकर 10 को गिरफ्तार किया है। घटना कोतवाली दुर्ग थाना क्षेत्र का है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मोहलाई में जुआ खेलने की शिकायत पर पुलिस ने दबिश दिया। जहां से दस जुआरियों को पकड़ा गया। जुआरियों में ग्राम मोहलाई रोशन लाल देवांगन ,रामनगर उरला गौरा चौरा के पास दुर्ग बसंत कुमार सोनी, नयापारा बेलदार पारा दुर्ग राकेश मंडल, केलाबाडी दुर्ग शौकीन खान ,केजू राईस मिल नयापारा दुर्ग दिलेश्वर गोस्वामी, पंचशील नगर दुर्ग रवि सोनकर , केलाबाडी दुर्ग कौशल कोठारे, राइस मिल चौक नयापारा ललित कुमार साहू ,राजीव नगर दुर्ग, विमल दास मानिकपुरी, मोहलाई विक्की सोनी को जुआ खेलते पकड़ा गया। जुआरियों के पास से पुलिस ने तास पत्ती और फड़ से

- **पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दी थी दबिश**

कुल रकम 61 हजार 260 रुपए 4 बाइक बजाज एवेन्जर सीजी 07 एजेड 4004, एक्टीवा सीजी 07 सीआर 3588, 03 सीडी डिलक्स सीजी 07 एटी 3140 और चार बिना नंबर एक्टिवा कुल 1 लाख 45 हजार रुपये, 9 मोबाईल जब्त किया गया है। सामानों की कीमत 320260 रुपये आंकी गई है। टीआई विजय यादव का योगदान रहा।

**वंदेभारत एक्सप्रेस**

# 8 घंटे में पहुंचाएगी विशाखापट्टनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दुर्ग विशाखपट्टनम वंदे भारत स्पेशल एक्सप्रेस का शुभारंभ पीएम के द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस दौरान ट्रेन 20829/20830 दुर्ग विशाखपट्टणम दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सेवा सप्ताह में छह दिन (गुरुवार को छोड़कर) दोनों छोर से चलेगी।

अन्य ट्रेनें दुर्ग से विशाखपट्टणम के बीच की दूरी को लगभग 11 घंटे में तय करती है। दुर्ग-विशाखपट्टणम वंदे भारत दुर्ग एवं विशाखपट्टणम के बीच की दूरी को 8 घंटे में तय करेगी। इसमें करीब 3 घंटे समय की बचत होगी। यह ट्रेन दुर्ग और विशाखपट्टणम जैसे दो प्रमुख शहरों को जोड़ती है, जो पर्यटन और व्यापार के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं। ट्रेन संख्या 20829 / 20830 दुर्ग - विशाखापट्टनम दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस 20 सितंबर से यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए इस ट्रेन में आरक्षण की सुविधा शुरुआत कर दी गई है। यात्रीगण अपनी सुविधा के अनुसार से एग्जीक्यूटिव क्लास, चेयर कार में अपना आरक्षण कर सकते हैं। ट्रेन का ठहराव रायपुर, महासमुंद, खरियार रोड, कांटाबांजी,टीटलागढ़, केसिंगा, रायगड़ा, पार्वतीपुरम, विजयनगरम रहेगा। रायपुर से विशाखापट्नम चलने वाली समता एक्सप्रेस में द्वितीय श्रेणी एसी में किराया 1265 रुपए है। वही वंदे भारत एक्सप्रेस में चेयर कार में किराया 1150 रुपए है। वंदे भारत एक्सप्रेस से जाने से 3 घंटे के समय की बचत भी होती है।

### ट्रेन का किराया होगा इतना

दुर्ग से विशाखापट्टनम तक करीब 565 किलोमीटर की दूरी का किराया एग्जीक्यूटिव क्लास में ब्रेक फास्ट चाय के साथ और लंच समेत किराया 2825 रुपए, बिना खाने का 2410 रुपए होगा। चेयर कार में ब्रेकफास्ट चाय के साथ एवं लंच सहित किराया 1565 रुपए ,बिना खाने का 1205 रुपए होगा।इसके अलावा रायपुर से विशाखापट्टनम तक की दूरी 528 किलोमीटर होगी। किराया एग्जीक्यूटिव क्लास में ब्रेकफास्ट चाय के साथ, लंच किराया 2695 रुपए, बिना खाने के 2300 रुपए होगा। चेयर कार में ब्रेकफास्ट चाय के साथ, लंच किराया 1495 रुपए बिना खाने के 1150 रुपए होगा।

सस्ता सस्ता सस्ता

न्यु ओम ज्वेलर्स

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने

अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध

आज ही पधारें

- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री

शर्तें लागू

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

**रिसाली और भिलाई निगम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल कार्यक्रम**

# पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को सौंपी मकान की चाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर आनलाईन वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उड़ीसा से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो को संबोधित किया गया। उन्होने बताया कि हमारा उददेश्य है कि हर गरीब व्यक्ति के घर पर छत हो। सबको रोटी, कपड़ा, मकान के साथ साथ खुशहाल जीवन मिले। हम सब मिलकर अपने नगर, जिला एवं राज्य को खुशहाल बना सकते है। प्रधानमंत्री आवासयोजना के अंतर्गत मोर मकान मोर चिन्हारी, मोर मकान मोर आस घटक अंतर्गत 150 एवं बीएलसी घटक के 592 हितग्राहियो को महापौर नीरज पाल, नेता प्रतिपक्ष



भोजराज सिन्हा द्वारा मकान की चाबी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान नेता सह प्रतिपक्ष दया सिंह, चंद्रशेखर गंवई, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश वर्मा, पार्षदगण, सांसद प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

### रिसाली में 300 से ज्यादा हितग्राहियों को मिला आवास



रिसाली क्षेत्र में रहने वाले ऐसे हितग्राहियों को आवास की चाबी (प्रतीकात्मक) सौंपा। 300 से अधिक हितग्राहियों को विधायक ललित व आयुक्त मोनिका वर्मा ने प्रमाण पत्र भी दिए। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों ने ओड़िसा राज्य में हुए पीएम नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरे चरण 2.0 (प्रधानमंत्री आवास) की आज से शुरूआत की है। समय के साथ भवन निर्माण सामाग्री के मूल्य में वृद्धी हुई है। इसलिए हितग्राहियों के अंशदान में वृद्धि होगी। उन्होंने छूटे हुए हितग्राहियों को प्रेरित कर आवास स्वीकृत कराने का अनुरोध किया।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

# गणेश प्रतिमा के विसर्जन पर बप्पा के जयकारों से गूंजा शहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

मंगलवार को गणेश विसर्जन के चलते शहर में श्रध्दा भक्ति का माहौल बना रहा। सुबह से देर रात गणेश प्रतिमा विसर्जित करने का सिलसिला लगा रहा। वार्ड के तालाबों, शिवनाथ व महमरा घाट में श्रध्दालुओं की उपस्थिति बनी रही। जहां पंडाल से विसर्जन करने बडी संख्या में श्रध्दालुओं ने विसर्जन यात्रा निकाली। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में भगवान गणपति जी का उत्सव धूम धाम से मनाया गया। विभिन्न कालोनियों, मुहल्लों, चौक चौराहों में समितियों द्वारा भव्य झांकी एवं पंडाल के साथ विराजमान आराध्य देव गणेश जी की बड़ी प्रतिमाओं के अलावा लोगों ने अपने अपने घरों में भी पूजा अर्चना के लिए गणेश प्रतिमा स्थापित की है। महापौर धीरज बाकलीवाल अधिकारियों के साथ विसर्जन स्थल शिवनाथ नदी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारी व कर्मचारी समन्वय स्थापित कर बैरिकेडिंग और गोताखोर को विसर्जन के समय नदियों, कुंडों और सरोवरों में उतारा गया। यातायात की व्यवस्था की गई है। अन्य सभी स्थानों में साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम कर लिए गए थे।







## खबर संक्षेप



### निगम में धूमधाम से मनी विश्वकर्मा जयंती

**दुर्ग।** निगम में धूमधाम से विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर शहर के सुख और समृद्धि के लिए कामना की। इस दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल एवं निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, वाहन शाखा के प्रभारी एवं एमआईसी सदस्य भोला महोविया तथा अधिकारियों-कर्मचारियों ने वाहनों की पूजा की। इस अवसर पर एमआईसी संजय कोहले, दीपक साहू, मनदीप सिंह भाटिया, विजेंद्र भारद्वाज, श्रद्धा सोनी, बृजलाल पटेल, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, भवन अधिकारी गिरीश दीवान, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, दुर्गेश गुप्ता, कर्मशाला अधीक्षक शॉएब अहमद सहित आदि मौजूद रहे। महापौर ने भगवान श्री विश्वकर्मा की प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया। पूजा में नगर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। पश्चात सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 20 को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र परिसर में 20 सितम्बर को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट केम्प में निजी नियोजक सोनाटा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 80 पदों पर भर्ती की जाएगी। शैक्षणिक योग्यता बारहवीं व स्नातक एवं आयु सीमा 18 से 28 वर्ष तक है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूचीए पहचान पत्र , सभी दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ प्लेसमेंट रोजगार मेला में उपस्थित हो सकते हैं।

### गुण्डाधूर सम्मान हेतु आवेदन 25 तक

**दुर्ग।** गुण्डाधूर सम्मान एवं महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव हेतु आवेदन 25 सितम्बर तक आमंत्रित किया गया है। खेल एवं युवा कल्याण से प्राप्त जानकारी अनुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 1 नवम्बर राज्य स्थापना दिवस पर राज्य के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को दिया जाने वाले गुण्डाधूर सम्मान एवं महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान वर्ष 2024-25 हेतु राज्य खेल संघों के माध्यम से अनुशंसाएं आमंत्रित की गई है। संचालनालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 सितम्बर 2024 निर्धारित की गई है। जिले के पात्र खिलाड़ी जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग कार्यालय रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में उक्त अवधि में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

**योजना:** मंगलवार को पीएम ने रायपुर से हितग्राहियों को जारी की राशि

# जिले के पांच हजार से अधिक गरीबों को मिलेगा पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत चुनाव के पहले भाजपा सरकार द्वारा अठारह लाख मकान दिए जाने की घोषणा की गई थी। जिसमें दुर्ग जिले को पांच हजार 48 मकान बनाए जाने के लिए पहली किस्त जारी कर दी गई है। आबंटन मिलने के बाद सबसे बडी राहत ऐसे हितग्राही जो वर्ष 2016 से आवेदन कर चुके है। लेकिन उन्हें मकान बनाने पूरी राशि नही मिल पाई थी। इन सभी हितग्राहियों को स्थाई सूची में रखा गया था। जिन्हें लाभ दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना की नींव रखी गई थी। इस दौरान करीब 5048 हितग्राहियों को स्थाई सूची के श्रेणी में जिला पंचायत द्वारा रखा गया था। वर्तमान में टारगेट नही मिलने के कारण ऐसे लोगों को आवास की रशि नही मिल पाई थी। बहरहाल दुर्ग जिले के लिए 5048 आवासों की स्वीकृति राज्य शासन द्वारा दी गई है। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा सरकार द्वारा 18 लाख मकान दिए जाने का वादा किया गया था। जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री द्वारा मंगलवार को रायुपर में पीएम आवास के हितग्राहियों के लिए पहली किस्त के रूप में खाते में राशि भी ट्रांसफर की गई है।

**खास बातें**

- प्रति मकान एक लाख बीस हजार रूपए होते हैं जारी
- वर्ष 2024 में 5048 आवासों के लिए दी गई स्वीकृति
- विधानसभा चुनाव के पहले की गई थी घोषणा

**स्थायी सूची में शामिल आवेदक होंगे लाभान्वित**



### स्थाई सूची में पांच हजार से अधिक नाम

पीएम आवास योजना के शुरूआती दौर से आवेदन करने के बाद ऐसे पांच हजार लोगों को लाभ नही मिल पाया था। जिसमें धमधा के 3283 आवेदक, दुर्ग के 209 आवेदक और पाटन के 1556 आवेदन शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि, वर्तमान में 5048 मकान के लिए टारगेट दिया गया है। टारगेट के अनुसार जारी इस राशि का लाभ स्थाई सूची में शामिल आवेदको को दिया जाएगा।

### योजना से अब तक की स्थिति

जानकारी अनुसार वर्ष 2016-17 में 5059 के टारगेट पर 5014 आवेदन स्वीकृत हुए थे। इसमें सिर्फ 4859 मकान के लिए चार किस्त करीब एक लाख बीस हजार रूपए मिले। वही वर्ष 2017-18 में 4003 आवेदन में 3964 की स्वीकृति हुई, इसमें सिर्फ 3882 मकान बने। इसी तरह वर्ष 2018-19 में 6912 में 6888 आवेदन स्वीकृत हुए। इसमें सिर्फ 6477 मकान बन पाए। वर्ष 2019-20 में 3600 मकान में सिर्फ 2300 मकान बन पाए और वर्ष 2020-21 में 3557 आवेदन स्वीकृत हुए, जिसके लिए वर्ष 2022 में पहली किस्त जारी कर दी गई है। वही वर्ष 2021-22 का टारगेट ही नही दिया गया है। वही वर्ष 2022-2 में 569 की स्वीकृति दी गई। जिसमें 147 मकान नही बने है। इस तरह वर्ष 2016 से अब तक करीब पांच हजार लोग को एक भी किस्त की राशि नही मिल पाई थी, जिन्हें स्थाई सूची में रखा गया था।

**मिलेगा लाभ**

पीएम आवास के लिए वर्तमान में 5048 आवास के टारगेट दिया गया है। इस आबंटन का लाभ स्थाई सूची में शामिल आवेदको को प्राथमिकता से दिया जाएगा। नए आवेदन नही लिए जाएंगे। -**अश्वनी देवांगन,** सीईओ

# अयोध्या दर्शन के लिए 185 श्रद्धालु रवाना, ट्रेन को दिखाई हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

अयोध्या के भगवान श्री रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को मंगलवार को आस्था स्पेशल ट्रेन दुर्ग से रवाना किया गया। श्रद्धालुओं का रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। पंथी नृत्य के बीच जय श्रीराम के नारे गूंज रहे थे।

- ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर स्टेशन से किया रवाना

रेलवे स्टेशन राम मय नजर आया। रेलवे स्टेशन में राम भक्तों को तिलक, माला पहनाकर स्वागत किया गया। दुर्ग ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से कुल 185 श्रद्धालु शामिल हुए। इस यात्रा में बस्तर, बीजापुर, कोण्डागांव, नारायणपुर जिले के श्रद्धालुओं ने श्री रामलला दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए राज्य सरकार के अभिनव पहल के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को कोटी-कोटी धन्यवाद दिया। तीर्थ यात्रियों को जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ जनमन' की प्रतियां भेंट की गई। यात्रियों ने पत्रिका को शासन की योजनाओं की जानकारी के लिए बहुपयोगी बताया। दुर्ग रेल्वे स्टेशन से दोपहर एक बजे दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, एडीएम अरविंद एक्का, जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन, एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी सहित रेलवे अधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया।

## किकिरमेटा में फिर मिले आठ नए मरीज

**दुर्ग।** पाटन अंतर्गत सेक्टर रानीतराई एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रानीतराई के आश्रित ग्राम किकिरमेटा में पिछले चार दिनों में 90 डायरिया के मरीज सामने आए है।

वही मंगलवार को डायरिया के नए 8 मरीज मिलने से हडकंप मची है। बहरहाल स्वास्थ्य विभाग द्वारा डोर टू डोर सर्वे कराकर दवा का वितरण किया जा रहा है। उल्टी-दस्त की आऊट ब्रेक की सूचना प्राप्त होने पर डॉ. मनोज दानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग के निर्देशानुसार डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्विलेंस अधिकारी दुर्ग, संदीप ताम्रकार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एनएचएम दुर्ग के मार्गदर्शन में नियमित रूप से सक्रिय सर्वेलेंस किया जा रहा है।

**सुविधा...**

## नगर निगम में अब टैक्स का ऑनलाइन होगा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग



नगर निगम दुर्ग क्षेत्र में निवासरत करदाताओ के लिए करो की राशि का भुगतान किये जाने हेतु ऑन लाईन पेमेंट अपने मोबाईल से सीधे भुगतान करने की सुविधा 17 सितंबर श्री विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर महापौर एवं आयुक्त की उपस्थिति में प्रारंभ कर दी गयी है। जिसके लिए कर दाताओ को अपने मोबाईल में ब्राउजर ओपन करेंगे और उसके एड्रेस बार में वेब साइट पर जाना होगा। उसके बाद वेब साईट खुल जायेगी जिसमें आप नगर निगम दुर्ग को सेलेक्ट करेंगे और उसके बाद करदाता अपने प्रापर्टी का रजिस्टर आईडी नंबर या मोबाईल नंबर या वार्ड का नंबर के माध्यम से अपनी प्रापर्टी के टैक्स को सर्च कर लेंगे। करो की जानकारी आ जायेगी और सबसे नीचे पे नाऊ का बटन होगा जिसे दबाकर संबंधित टैक्स की राशि का ऑन लाईन भुगतान कर सकेंगे। यह सुविधा कैश पेमेंट में भी उपलब्ध हैं कैश पेमेन्ट में सबंधित वार्ड के एआरआई या आरएसआई से संपर्क कर भुगतान कर सकते हैं या घर में बैठकर उपरोक्त दिये गये निर्देशो के अनुसार भी अपना करो का भुगतान कर सकते हैं। पेमेन्ट के उपरांत उनके मोबाईल में ही रशीद जनरेट हो जायेगी जिसे वह पीडीएफ बना कर या प्रिंट के आप्सन में जाकर रशीद को प्रिंट कर निकाल सकते हैं।

- मोबाइल से निकाल सकेंगे रसीद

**प्रदर्शनी...**

## विकसित भारत मोदी की संकल्पना थीम पर राजेन्द्र पार्क चौक में फोटो प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग



जनसंपर्क विभाग द्वारा विकसित भारत मोदी जी की संकल्पना थीम पर राजेन्द्र पार्क चौक में एक दिवसीय फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर फोटो प्रदर्शनी में उनके जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक दिखाई गई। फोटो प्रदर्शनी में बचपन, पाठशाला, माँ से मिला संस्कार, देशभक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज, हिमालय की गोद में, पावरफुल सीएम, वीआईपी कल्चर को गुडबाय, मोदी 3.0, बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि, 24 घंण्टे भी कम है बंदे में इतना दम है, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, संकटमोचक बने मोदी, जल शक्ति से जलक्रांति, एक पेड़ माँ के नाम, डिजिटल हुई पहचान, डिजिटल से भुगतान, डिजिटल से जीवन आसान, अंतरिक्ष शक्ति, संविधान के अग्रदूत सहित विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी प्रदर्शित की गई। फोटो प्रदर्शनी में जनसंपर्क विभाग की पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन का भी निःशुल्क वितरण प्रदर्शनी देखने पहुंचे लोगों को किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, स्कूली बच्चों, मीडिया प्रतिनिधियों, राहगीरों एवं नगरवासियों ने किया।

**स्वच्छता पखवाड़ा...**

## विधायक एवं महापौर ने लगाई झाड़ू, अफसरों ने उठाया कचरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग



स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान अंतर्गत नगर पालिक निगम द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा हैं। आज 17 सितंबर से इसका शुभारंभ कर स्वच्छता ही सेवा हेतु एक साथ रैली, श्रमदान गतिविधि का आयोजन नगर निगम द्वारा किया गया। मंगलवार की सुबह प्रातः7 बजे से विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा नागरिको एवं ब्रांड एम्बेसडर, अधिकारी, कर्मचारियो के अलावा विज्ञान विकास छात्रावास के तीन सौ छात्राओं और नागरिक इस कार्यक्रम में शामिल हुए। शहर के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉक्टर विश्वनाथ पाणिग्रही द्वारा स्वच्छता के नारे लगाते हुए स्वच्छता हेतु जागरूकता का संदेश दिया। आम नागरिकों विज्ञान विकास केंद्र की अधिकारी के साथ केंद्र की सभी छात्राओं का सहयोग मिला। मुस्कान फाउंडेशन के द्वारा भी इस कार्यक्रम में योगदान दिया गया।

**सफाई कर्मचारियों का किया सम्मान, स्वच्छ भारत का लिया संकल्प**

# पीएम के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर पर भारतीय जनता पार्टी प्रतिवर्ष सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान दुर्ग जिला के अंतर्गत आने वाले मंडलों में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुर्ग शहर विधानसभा में आने वाले चारों मंडलों में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम आहूत किया गया।

- सभी मंडलों में अभियान का किया गया आयोजन

इस अभियान के तहत तालाबों की सफाई, बाजारों की सफाई, महापुरुषों की प्रतिमाओं का साफ सफाई, सफाई मित्रों का सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, विधायक गजेंद्र यादव, जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, स्वच्छता अभियान जिला संयोजीका एवं जिला उपाध्यक्ष अलका बाघमार उपस्थित रहे तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव जी को भी उनके जन्म दिवस के अवसर पर अपनी मंगल शुभकामनाएं प्रेषित की गई। कसारिडीह बोरसी मंडल के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 53 मीनाक्षी नगर की सब्जी बाजार में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। पटरी पर मंडल के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 19 में शीतला मंदिर के तालाब के पास सफाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार राजेंद्र कुमार पाध्याय दिलीप साहू कांतिलाल जैन अरविंदर खुराना मंत्री आशीष निमजे दीपक चोपड़ा कार्यालय मंत्री मनोज सोनी सह कार्यालय मंत्री अनूप सोनी प्रवक्ता दिनेश देवांगन मीडिया प्रभारी राजा महोबिया सोशल मीडिया जिला संयोजक रजनीश श्रीवास्तव आईटी सेल जिला संयोजक जितेंद्र सिंह राजपूत नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता शिव चंद्राकर अजय तिवारी डॉक्टर मानसी गुलाटी डॉ राहुल गुलाटी मंडल भाजपा अध्यक्ष विजय ताम्रकार मदन वढाई डॉ सुनील साहू सुनील अग्रवाल अमर यादव साजन जोसेफ अनूप गटागट विनायक ताम्रकार गायत्री वर्मा पार्षद चंद्रशेखर चंद्राकर नरेंद्र बंजारे नरेश तेजवानी शिवेंद्र परिहार अरुण सिंह मीना सिंह हेमा शर्मा शशि द्वारका साहू पुष्प गुलाब वर्मा जयश्री जोशी कुमारी बाई साहू चमेली साहू लिना दिनेश देवांगन आदि थे।



### पीएम की पहल को देश ने अभियान बनाया

दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि, एक दौर था जब हम देखते थे कि लोगों के घरों के आसपास कूड़े कचरे का ढेर लगा रहता था। लोग और इस पर ध्यान भी नहीं देते थे। लेकिन 2014 में जब मोदी जी प्रधानमंत्री के रूप में हमारे देश में आए और उन्होंने स्वच्छता अभियान की शुरुआत की तो लोगों ने इसे हाथों-हाथ लेते हुए अपने दिनचर्या में डाला और स्वच्छता आज देश में अभियान बन गया है।

### बीआईटी कॉलेज में किया गया ब्लड डोनेशन

गंजपारा सदर मंडल के अंतर्गत इंदिरा मार्केट में साफ सफाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। चंडी शीतला मंडल के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 56 एवं एक के बाजार में साफ सफाई के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीआईटी कॉलेज में ब्लड डोनेशन कैंप युवा मोर्चा के द्वारा एवं गुजराती धर्मशाला के पास स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, इसी तरह अन्य मंडलों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## नवनिर्मित मंदिर में संकट मोचन हनुमान की हुई प्राण प्रतिष्ठा





**दुर्ग।** श्रीराम कालोनी मीनाक्षी नगर वार्ड 53 केडी पब्लिक स्कूल के निकट नवनिर्मित हनुमान मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। विनोद अरोरा के सहयोग से नव निर्मित हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा का एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत पंडितों द्वारा हनुमान जी की नवीन प्रतिमा का मंत्रोच्चार व पंचामृत से अभिषेक कर विधि-विधान सेस्थापना किया गया। पश्चात हवन किया गया। जिसमें कालोनीवासियों ने पूर्णाहूति दी। पूजा अर्चना के बाद में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में सैकड़ों भक्तों को खिचड़ी व हलवा प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर विनोद अरोरा, रत्न यादव, विजय मालापुरे, राजू बक्शी, मूलचंद वर्मा, संतोष खिरोडकर, तेजराम देशमुख, शुभम रामटेके, अनिल सोनवानी, श्रीमती मंजूलता सोनवानी, शालिनी सोनवानी, महेश मालापुरे, चिंटू मालापुरे, जितेंद्र बरेकर, रोहित टांडेकर, कमलेश मालापुरे, लक्की बिजेवर सहित कालोनी वासी मौजूद रहें।

**खबर संक्षेप**

## विरेन्द्र बने निषाद समाज के कार्यकारिणी सदस्य



**अंडा।** छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ के प्रबंध कार्यकारिणी द्वारा अनुमोदित पदों की नियुक्ति की गई है जिसमें छत्तीसगढ़ निषाद, धीवर, कहार, कहरा, मल्लाह, मछुआ महासंघ कल्याण समिति रायपुर पंजीयन क्रमांक 2577 के अध्यक्ष एम आर निषाद पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छः ग शासन के नेतृत्व में प्रदेश कार्यकारिणी की 37 पदों की नियुक्ति की गई है जिसमें दुर्ग जिला से युवा प्रभाग पद पर विरेन्द्र निषाद ग्राम कोटनी निवासी को नियुक्त किया गया है। वहीं वर्तमान में दुर्ग जिला युवा प्रकोष्ठ निषाद समाज के जिला अध्यक्ष पर कार्यरत हैं जिसमें उनके गांव क्षेत्र में हर्ष का माहौल है इसमें डॉक्टर घनश्याम निषाद,संतोष जलतारे,बुधारुराम निषाद, संतोषी निषाद, भीम सिंह निषाद, वरुण निषाद, विनोद निषाद, दिपक साहू, पोषण साहू आदि ने बधाई दी है।

**निधन**

## द्रोपती बाई अपाले



**भिलाई।** एवी-बी/11-बी सेक्टर 1 भिलाई निवासी द्रोपती बाई अपाले का निधन 17 सितंबर को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 18 सितंबर को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे राजेन्द्र कुमार अपाले की मां थीं।

### अंचल के विभिन्न जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया कार्यक्रम

# पीएम के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने मरीजों को फल वितरण कर स्वास्थ्य सुधार की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पाटन नगर में बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस अवतरण दिवस को पाटन नगर में प्रभात रैली स्कूली बच्चों के साथ-साथ पाटन के विभिन्न चौक चौराहों से रैली निकाली गई। इस ख़ुशी में नगर पंचायत के स्वच्छता अभियान के दीदियों एवं भाइयों के साथ मिलकर स्वच्छता के लिए भी एक संदेश दिया नगर के जनता के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई व्यक्त किये।

भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष होरीलाल देवांगन ने बताया कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश हित को ध्यान में रख कर कार्य करते है वे उन्होंने देश के नागरिकों के लिए अनेक प्रकार की योजनाओं का स्रोत रखे हैं जिससे देश के गरीब असहाय लोगों के लिए उपयोगी साबित हुआ और आम जनता के लिए भरपूर सहयोग प्रदान करते हैं। वे हमेशा की तरह सरल एवं मिलन सहरानीय व्यक्ति के धनी है। नगर के अध्यक्ष ने देश के प्रधानमंत्री को नगर वासियो के तरफ से बधाई दिए।

सांसद प्रतिनिधि नितेश तिवारी ने भी बताया कि 17 सितम्बर हमारे लिए ख़ुशी के दिन रहता है। हमारे देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिन होता है और संसार के रचनाकार विश्कर्मा जयंती भी मनाई जाती है। सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक ने देश के प्रधानमंत्री को नगर पंचायत के तरफ से जन्मदिन की हार्दिक बधाई दिए और इसी ख़ुशी में पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजो को फल वितरण किये और प्रधानमंत्री के ओर से मरीजो को जल्द से जल्द स्वास्थ्य होने की सलाह प्रदान किये। उक्त अवसर पर खेमलाल साहू ने कहा कि संसार को रचने वाले रचनाकर भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती 17 सितंबर को नरेंद्र मोदी ने प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना के नाम पर योजना बनाया, जिनका लाभ श्रम कार्ड के हितग्राहियो विभिन्न क्षेत्र में प्रशिक्षण देकर स्वालम्बी बनने विकसित भारत की कल्पना को साकार कर रहे है।

**पाटन नपं में स्कूली बच्चों ने विभिन्न चौक-चौराहों पर निकाली रैली**



### भाजपाइयों ने किया सेवा पखवाड़ा में फल व बिस्किट वितरित



**कुम्हारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74 वां जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत फल एवं बिस्किट का वितरण भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। इस मौके पर भाजपा कुम्हारी मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू, पार्षद रागिनी निषाद, विनोद बंजारे, ओंकार मार्कण्डेय, पीएन दुबे, मिथिलेश यादव, सुजीत यादव, प्रणव श्रीवास्तव, अश्वनी देशलहरे, आशीष शुक्ला, सौरभ पाण्डेय, पुनेंद्र साहू, विकास सोनकर, उमाकांत साहू, फिंगेश्वर साहू, मुकेश साहू, रामकुमार साहू, विवेक वर्मा, हिमांशु पांडेय, रोमन साहू, सुनीता कुर्रे आदि उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर आयोजित



**उतई।** नपं उतई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत उतई भाजपा मंडल द्वारा आयोजित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विशाल रक्तदान शिविर कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ। मोदी एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का जन्म दिन रक्तदान और मरीजों को फल वितरण कर मनाया और उनके दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर जिला मंत्री रोहित साहू, उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम वर्मा, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता चंदू देवांगन, रूपेश पारख, लक्ष्मी नारायण साहू, सतीश चंद्राकर, हुबलाल चंद्राकार, सोहन रिगरी चेतन साहू, हरीश यादव, हिमांशु साहू, ओपी चंद्राकर, नरेंद्र साहू , ममता चंद्राकर , संगीता रजक, विमल कामडे, शीतल, दानेश्वरी देशमुख, सुनीता वर्मा, रंजना चंद्राकर, डामिन नेताम, प्रीति साहू, विजयलक्ष्मी कोमिन मांडवी आदि उपस्थित थे।

**अंचल की खबरें**

## जश्न ए ईद मिलादुन्नबी जुलूस निकाला



**कुम्हारी।** गरीब नवाज मस्जिद कमेटी वार्ड 12 डंगनिया तालाब पार कुम्हारी और गौसिया मस्जिद कमेटी वार्ड 18 डीएमसी तालाब पार कुम्हारी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर परवेज़ अहमद अंसारी गरीब नवाज मस्जिद कमेटी डंगनिया और गौसिया मस्जिद कमेटी वार्ड 18 डीएमसी तालाब पार कुम्हारी अलाउद्दीन के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया । दोपहर 2 बजे दोनों मस्जिदों से प्रारंभ होकर स्टेशन चौक ओवर ब्रिज, महामाया रोड, प्रभात चौक, संजय नगर वार्ड 6, गौरव पथ से कांजी हाउस नगर पालिका परिषद कुम्हारी रोड होते हुए स्टेशन चौक से गौसिया मस्जिद वार्ड 18 में शाम 4.30 बजे सलातो सलाम के बाद जुलूस का समापन किया गया। मार्ग में अनेक स्थानों में पानी, शर्बत आदि का वितरण किया गया। स्टेशन चौक ओवर ब्रिज के नीचे लंगर प्रसाद वितरण भी रखा गया। इस मौके पर गरीब नवाज मस्जिद कमेटी से इमाम मोहम्मद अबरार अहमद रिजवी, परवेज अहमद अंसारी, मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद अफजल, इमरान रिजवी, ईद मोहम्मद, जक्की, सरफराज, शाहबाज, जहांगीर, मोहम्मद शान, फैजान, अली, असलम, सलाम, महफूज, न्याजुद्दीन, अशरफ, फिरोज़, गौसिया मस्जिद से हाफिज रियाज साहब, मंसूर अली, अलाउद्दीन, अत्ताउल्लाह, अकबर, चंद पाशा, हामिद, असलम, खटाल भाई, अब्दुल, गुलजार सहित आदि उपस्थित थे।

## रिसामा में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन




**उतई/अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रिसामा में 4.30लाख से निर्मित होने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य के भूमिपूजन एवं 2 लाख का सामुदायिक भवन का मरम्मत कार्य में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त मिला एवं श्रीराम कथा संगोष्ठी का आनंद लिया। वहीं एक पेड़ माँ के नाम के तहत बरगद का पेड़ लगाया गया। इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, सरपंच मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, महामंत्री पुकेश चंद्राकर, रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंडे, महामंत्री राजु जंघेल, लेखदास साहू, डिलेश साहू, अजीत चंद्राकर, हुबलाल चंद्राकर, योगेंद्र दिल्लीवार, कुमार पटेल, मन्नुलाल साहू, कामता पटेल, रामदास साहू, मोरजध्वज साहू, गुहाराम निर्मलकर,चंद्रकांत सेन,विकास साहू, हमीत निर्मलकर, ताहिल साहू, मंशाराम क्षत्रिय राजाराम साहू, राजेंद्र साहू ,परमेश्वर साहू एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## श्रद्धापूर्वक भगवान गणेश की मूर्ति का किया विसर्जन



**कुम्हारी।** नगर के श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धापूर्ण एवं शांतिप्रिय ढंग से भगवान गणेश का विसर्जन खारुन नदी के तट पर पहुंचकर किया। अनेक मूर्तियां खारुन के जल में प्रवाहित की गई। कई लोगों ने बड़े भाव विभोर होकर गणेश को विदाई दी और गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ की ध्वनि से सम्पूर्ण क्षेत्र गुंजित हो गया। ज्ञात हो कि खारुन नदी तट के दूसरे भाग में रायपुर से चंदनडीह और आसपास क्षेत्र से श्रद्धालु भक्त जनों द्वारा मूर्ति विसर्जित किया जाता है। नगर पालिका प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन कुम्हारी की चाक चौबंद व्यवस्था से मूर्ति विसर्जन का काम अत्यंत शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीआरएफ की टीम खारुन तट पर तैनात थी ताकि किसी प्रकार की अप्रिय दुर्घटना से तत्काल निपटा जा सके। इस बीच तट पर निरीक्षण में आए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने कहा कि नगर के समस्त जनों को तट पर किसी प्रकार की कठिनाई या कष्ट ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। स्थानीय थाना प्रभारी जे आर कुर्रे स्वयं व्यवस्था पर नजर बनाए हुए थे।

## केंद्रीय इस्पात मंत्री से की मुलाकात



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयन्त्र कॉन्ट्रेक्टर एसोसिएशन के कार्यकारणी सदस्यों ने केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी से उनके भिलाई प्रवास के दौरान भिलाई निवास में सौजन्य भेट की और भिलाई इस्पात संयंत्र से संबंधित विषयों पर चर्चा की। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष सीजू एन्थोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरज शुक्ला, कमल अवस्थी, एम मोहन आदि उपस्थित थे।

**बिजनेस साइट**

## कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजी एवं आईवीएफ के लिए आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल दुर्ग



**भिलाई।** महिलाओं की गर्भधारण से जुड़ी बीमारियों व समस्याओं के निदान में माहिर डॉ. रैनी अग्रवाल मुंबई आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने कहा है कि कॉस्मेटिक गायनोकोलॉजी सिर्फ खूबसूरती तक सीमित नहीं है, बल्कि इस अतिआधुनिक डॉक्टरी तकनीक से प्रेग्नेंसी से संबंधित कई समस्याओं और बीमारियों से निजात मिलती है। महिलाओं की आत्मविश्वास बढ़ जाता है। यही कारण है कि कॉस्मेटिक गायनोकोलॉजी की विश्वभर में धूम मची हुई है। महिला प्रकृति की एक असाधारण और सुंदर रचना है और यह स्वाभाविक है कि वह खुद को परिपूर्ण और संपूर्ण देखना चाहेगी और यौन रूप से आकर्षक बने रहना उन प्रमुख कारकों में से एक है जो महिलाओं को कॉस्मेटिक स्त्री रोग के लाभों की तलाश करने के लिए प्रेरित करते हैं। डॉ. रैनी अग्रवाल जो कॉस्मेटिक गायनोकोलॉजी एवं महिला निःसंतानता चिकित्सा में विश्व स्तर पर बेहतरीन चिकित्सकों में से एक हैं। भाग दौड़ एवं तनाव भरी जिंदगी में हर तरफ की संतानता के कैसे बढ़ते जा रहे हैं ऐसे हालात में आईवीएफ की संतान दंपतियों के लिए वरदान साबित हो रहा है मुंबई में सैकड़ो की संतान दंपतियों को सफल परिणाम देने के बाद डॉक्टर रैनी अग्रवाल अब दुर्ग भिलाई के आरोग्यम हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं देंगी।

## माइग्रेन अर्धकपाड़ी, आधा सिरदर्द का होम्योपैथी में कारगर इलाज



**भिलाई।** डॉ. संजय मनवानी होम्योपैथीक चिकित्सक दुर्ग, रायपुर ने एक प्रेसवार्ता में बताया कि होम्योपैथीक चिकित्सा प्रणाली एक वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धति है, जिसमें मर्ज के कारण को समझकर मर्ज की सारे लक्षणों, मरीज की मूल प्रकृति स्वभाव, तासिर को समझते हुए दवा का चयन कर मर्ज को जड़ से ठीक किया जाता है। विशेष तौर पर ऐसे क्रानिक मर्ज जो एक निश्चित समय पर पुनः आकर मरीज को लगातार ऐसी होम्योपैथीक दवाओं का सेवन करना पड़ता है जो इस समय बस राहत देती है पर मर्ज को जड़ से ठीक नहीं कर पाती। इन्हीं क्रानिक बीमारियों में से एक बीमारी माइग्रेन, पुराना आधा सिरदर्द या अर्धकपाड़ी के नाम से होती है। जिसमें सर के किसी एक भाग में असहनीय दर्द होता है। कई बार दर्द के एपिसोड के आने के पहले ही मरीज को इसका अनुमान लग जाता है कि दर्द आने वाला है। तब मरीज को केवल अंधेरे कमरे में सोने से ही आराम लगता है। इसे क्लासिकल माईग्रेन का नाम दिया जाता है। जो कि बार बार किसी बहोत छोटी छोटी शारीरिक या मानसिक तनाव कि अवस्था में आ जाता है और मरीज का 2-3 दिन खराब हो जाता है। इसके अलावा कुछ मरीजों को पहले से आभास नही हो पाता पर आधे सिर दर्द उसकी रोशनिया प्रकाश को बर्दाश्त नही कर पाना चिड़चिड़ा होना, निराश होना होता है। इसे कामन माइग्रेन के नाम से मेडिकल साइंस में जानते हैं। इस माइग्रेन के कारण को यदि गहराई से जाने तो इसका मुख्य कारण अवचेतन मन से होते हुए न्यूरोकेमिकल से होते हुए वासकुलर फिनोक्किना तक जाता है। मतलब साइको न्यूरो एन्ड्रोकाइनल सिस्तान में उर्जा का रूक जाना होता है। यह एक तरह की साइकोसोकेटिक बीमारी होती है। जिसके लिए अवचेतन मन तक जाना ही होता है। विश्व प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक डॉ. फाईड ने माइग्रेन के कारण की जड़ बचपन में मन के निर्माण के समय साइकोसेम्सुअल विकास की फैलीक अवस्था में भावनाओं के दमन को माना है। अतः यदि मरीज से होम्योपैथीक चिकित्सक उसके परसानालिटि डवलपमेन्ट को क्रमागत तरीके से समझे और मनोवैज्ञानिक के नियमों को उससे कनेक्ट करे तो उस छुपी भावना तक पहुंचकर होम्योपैथी की सही शक्तिक्रत दवा का कोर्स करके माइग्रेन के मरीज को जड़ से क्योर कर सकता है। मनवानी होम्यो कलीनिक के इसी प्रक्रिया के तहत अभी तक अनेकों मरीजों एविडेन्स बेस्ड क्योर हो पाया है। इस बीमारी के एमआरआई या सीटी स्कैन में कुछ नही आता क्योंकि ये बीमारी फंक्शनल बीमारी है। हां कई वर्षों पश्चात ब्रेन की कोशिकाओं के परमानेंट परिवर्तन होना शुरू हो जाता है। परसानालिटी पेटर्न से बाहर आना जरूरी होता है। होम्योपैथीक चिकित्सा के साथ साथ मेडिटेशन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। तो आयें स्वयम को परेशान करने वाले इस मर्ज से हम खुद को क्योर को होम्योपैथीक चिकित्सा दवा द्वारा क्योर करे और एक स्वयं स्वस्थ जीवन को जीयें ।

## भारतीय सांस्कृतिक निधि ने किया हेरिटेज क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन



**भिलाई।** भारतीय सांस्कृतिक निधि दुर्ग-भिलाई अध्याय द्वारा शालेय विद्यार्थियों को भारत के समृद्ध संस्कृति और इतिहास से अवगत कराने के लिए हेरिटेज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन श्री शंकराचार्य विद्यालय, हुडको, भिलाई में किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि के रुप में डॉ. डीएन शर्मा पूर्व संयोजक दुर्ग-भिलाई इकाई तथा सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के दुर्ग संभाग के क्षेत्रीय समन्वयक उपस्थित थे तथा मुख्य वक्ता श्री गोविन्द पटेल छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चंदुलाल चंद्राकर स्मृति पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित एवं धर्मधाम गौरव गाथा समिति धमधा के संयोजक थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में श्री अमिताभ दास प्राचार्य, श्री शंकराचार्य विद्यालय, हुडको, भिलाई, एवं इंटैक दुर्ग-भिलाई अध्याय कि संयोजक तथा प्राचार्य स्वामी श्री स्वरुपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको- भिलाई डॉ. हंसा शुक्ला उपस्थित हुये। डॉ. हंसा शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि इन्टैक का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक विरासत, अमूर्त सांस्कृतिक विरासत एवं अपनी संस्कृति धरोहरों का संरक्षण करना एवं उनका रखरखाव करना है। छत्तीसगढ़ कि सभी इंटैक इकाईया यहाँ की सांस्कृतिक धरोहर, इतिहास एवं विरासत को बचाने का प्रयास कर रही है उन्होंने कहा कि जब हम हर क्षेत्र में खोज कर रहे है तो विद्यार्थियों को जागृत रहना होगा न केवल राष्ट्रीय धरोहर बल्कि अपने छत्तीसगढ़ की संस्कृति बचाने में भी अपना योगदान देना होगा। मुख्य वक्ता श्री गोविंद पटेल ने कहा कि हर पुरानी चीज जो हमारे लिये महत्वपूर्ण है वह धरोहर होती है जैसे किसी राष्ट्र का धरोहर वहां के ईमारत एवं संस्कृति होती है और राज्य के धरोहर वहां के किले और मंदिर, राजवंश के रीति-रिवाज एवं परंपरा होते है व्यक्ति के लिये धरोहर उनके घर की पुरानी चीजे जैसे दादा परदादा की छड़ी, कोई पुरानी पुस्तक या पुराने गहने आदि हो सकते है। हमें हर प्रकार के धरोहर को संजो कर रखना होगा यह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिये अनमोल उपहार है उनके द्वारा रोचक प्रश्नोतरी के माध्यम से विद्यार्थियों को धमधा के गौरवशाली इतिहास को बताया गया।

## सोरियासिस रोग का इलाज आयुर्वेद रसायन से हीः डॉ. अग्रवाल



भिलाई। सोरियासिस रोग लाइलाज एक जटिल रोग है। इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं, इस रोग को किसी साधारण गोली दवा, इलाज से दबाने की गलती भूलकर भी नहीं करें, वरना आगे चलकर रोग गंभीर हो सकता है। डॉ. एचसी अग्रवाल बताते हैं कि वात, पित, कफ तीनों की विकृति त्रिदोषज अर्थात इम्यून डिसआर्डर रोग है। इससे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते इसलिए यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर में रूसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले दाग, नाखूनों का सड़ना, उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ों में सूजन, दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है, इसमें कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया इत्यादि से ठीक नही होता दब जाता है यह केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही संभव है। सभी चमड़ी एवं रोगों के स्थायी इलाज के लिए गुरूद्वारा, स्टेशन रोड स्वरूप टाकीज के सामने, ब्राईट फर्नीचर के पीछे दुर्ग स्थित क्लीनिक में डॉ. अग्रवाल से दोपहर 3 से रात्रि 7:30 बजे तक मरीज मिल सकते हैं।

## श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश के दोनों दलों के नेता हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



■ पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज की पत्नी कमला देवी की हुई श्रद्धांजलि सभा

छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की पत्नी 72 वर्षीया कमला देवी साहू का रायपुर स्थित एक निजी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान 9 सितंबर को निधन हो गया था। वे लंबे समय से अस्वस्थ थी, जिनका सम्पूर्ण कार्यक्रम उनके गृहग्राम पाऊवारा में श्रद्धांजलि सभा रखा गया। अलग-अलग वक्ताओं ने अपनी व्याख्यान से श्रद्धांजलि अर्पित किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कमला देवी के छाँया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की चीर शांति तथा उनके परिवार को दुख के इस घड़ी में बल मिले इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू की पत्नी स्व. कमलादेवी साहू के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलेट, नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी एस ए सम्पत, केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार, तोखन साहू, जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, सासंद दुर्ग विजय बघेल, पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, पूर्व मंत्री गुरु रूद्र कुमार, पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू, अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ टहल सिंह साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, विधायक गुंडरदेही कुंवर सिंह निषाद, दुर्ग ग्रामीण के पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, पूर्व विधायक बदरुद्दीन कुरैशी, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, तारिणी चंद्राकर, विधायक बीन्द्र नावागढ़ जनक राम धुर्वे, विधायक धमतरी ओमकार साहू, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, पूर्व क्रृषि मंडी अध्यक्ष अश्वनी साहू, विधायक सरायपाली चांतुरी नंद, डोंगरगांव विधायक हर्षिता बघेल, पूर्व विधायक दालेश्वर साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, तारनी चन्द्रकार, पूर्व अध्यक्ष केश कला बोर्ड दीपक ताराचंद साहू, विधायक कसडोल संदीप साहू, पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग पुष्पा यादव, पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेंद्र देशमुख, श्रम कल्याण के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, कैश कला शिल्प बोर्ड अध्यक्ष नंद कुमार सेन, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग झमित गायकवाड, अध्यक्ष सरपंच संघ दुर्ग मुकुंद पारकर, जिला किसान संघ के प्रकोष्ठ रिवेंद्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी प्रदीप चंद्राकर, अध्यक्ष नगर पंचायत उतई डिकेंद्र हिरवानी, भीष्म हिरवानी, खुमान साहू, नगर निगम रिसाली महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बन्छोर, महापौर दुर्ग धीरज बाकलीवाल, साहू संघ जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू, जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर, सदयस्य जिला पंचायत माया बेलचंदन, शोक सभा का संचालन पूर्व अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग थानेश्वर साहू ने किया। इस दौरान कांग्रेस व भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता पदाधिकारी, साहू समाज सहित अन्य समाज के पाधिकारी, परिवारगण सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति स्थापित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई

नगर पंचायत उतई के जलघर में प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर पंचायत उतई के सभी जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारियों ने मिलकर भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित की पंडित अरविंद शर्मा जी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर मूर्ति स्थापित की गई । इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष डीकेद्र हिरवानी पार्षद प्रहलाद वर्मा तोषण साहू सुरता सिंग गढ़े पूर्व एल्डरमैन प्रेम नारायण साहू मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र नायक सब इंजीनियर भुवन कौशिक पंचायत कर्मचारी अंकालू राम साहू, लोकेश्वरी देवांगन नंदलाल चौधरी कमलेश ठाकुर ,जनक साहू, डीकेश साहू , योगेश साहू, नारायण, दिलीप साहू,रवि पटेल, शेखर ठाकुर ,बंटी साहू ,यादराम, रुपेश, जनक साहू, ठेकदार देवेंद्र राजपूत, एसके सिंह अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

## उड़ान के तीज मिलन में शामिल हुई महिलाएं



**भिलाई।** उड़ान नई दिशा संस्था के द्वारा तीज मिलन का कार्यक्रम निजी होटल सुपेला में संपन्न हुआ। जीत मिलन को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। संस्था की निधी चंद्राकर ने बताया कि उड़ान द्वारा विगत पांच वर्षों से महिलाओं को एकजुट कर तीज मिलन का कार्यक्रम करती आ रही है। जिसमें सेल्फी ज़ोन, चाय नाश्ता, खाना समेत नये पुराने गानों के साथ एकल,ड्युऐट , ग्रुप डांस की मस्ती होती है। जिसमे सभी मेंबर शामिल होते हैं। उड़ान तीज क्वीन का खिताब लुप्त विधा को मिला। बेस्ट हेयर स्टाइल सीमा लदेर, बेस्ट ड्रेसअप सिंधु कमलवशी, एक्टिव मेंबर केसरी चंद्राकर, बैलून डांस कपल में प्रथम ऊषा चंद्राकर ,प्रतिमा यादव द्वितिय मनीषा और पिंकी रही। सभी महिलाओं को रिटर्न गिफ्ट भी संस्था के द्वारा दिया गया। अनिता वर्मा ने सभी महिलाओं के लिए सेल्फी ज़ोन का इंतजाम किया। दिपाली मिश्रा ने हाउजी खिलाया। स्वागत के लिए शशि चंद्राकर मनीषा, पूजा की तैयारी रूना शर्मा, मिनाक्षी, गायत्री और कविता गुप्ता ने बैलून डांस की जिम्मेदारी संभाला था।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने बनाई मूर्ति विसर्जन के लिए गाइड लाइन

**भिलाई।** भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन के लिए जिले की पुलिस ने गाइड लाइन जारी किया है। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि झांकी सेंट्रल एवेन्यू मार्ग सेक्टर 9 चौक एमडी बंगला चौक जेल, तिराहा, महाराजा चौक, पोटिया चौक, पुलगांव चौक, शिवनाथ विसर्जन स्थल। शिवनाथ नदी, खारून नदी , मरोदा डेम मे केवल 2 दिन 17 से 18 सितंबर को मूर्ति विसर्जन की अनुमति रहेगी। शिवनाथ नदी मे मूर्ति विसर्जन के लिए भी केवल 2 दिन क्रेन उपलब्ध रहेगा। विसर्जन के दौरान रैली में डीजे, बैंड पूर्णतः प्रतिबंधित है। वाहन में डीजे बजाते पाए जाने पर वाहन एवं डीजे दोनों जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलगांव चौक से आगे केवल मूर्ति वाले वाहनों का प्रवेश की अनुमति रहेगी। समिति के सदस्य शराब के नशे में पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। शिवनाथ नदी विसर्जन स्थल पूर्ण रूप से सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा। विसर्जन के दौरान छोटे बच्चों को लेकर न जाए। सभी विसर्जन स्थलों पर पुलिस मौजूद होगी। किसी प्रकार की समस्या या सुझाव के लिए पुलिस की हेल्पलाइन नंबर 9479192099, 112 पर 24 घंटे सेवा उपलब्ध रहेगा।

### टेक क्वेस्ट 4.0 मेगा इंटर यूनिट तकनीकी क्विज




**भिलाई।** मानव संसाधन-शिक्षण एवं विकास विभाग द्वारा भिलाई निवास में मेगा इंटर-यूनिट तकनीकी क्विज 'टेक क्वेस्ट 4.0' हुआ। विश्वेश्वरैया की जयंती पर इंजीनियर्स दिवस मनाया। क्विजमास्टर सहायक महाप्रबंधक विकास पिपरानी और एजीएम आशीष अग्रवाल ने क्विज का संचालन किया। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे। कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, एके चक्रवर्ती, बीके गिरी, अरुण कुमार, निशा सोनी सहित वरिष्ठ अधिकारियों और संयंत्र के कर्मियों के साथ उपस्थित थे। बीएसपी की 45 टीमों और सेल की सहायक इकाइयों की 13 टीमों सहित 2 सदस्यों वाली 58 टीमों ने भाग लिया, उसमें से 6 टीमें 2 रोचक सेमीफाइनल राउंड के बाद फ़ाइनल में पहुंचीं। एजीएम सुभाशीष डब्ल्यू किस्पोट्टा, ऋषि कांत गुप्ता की टीम विजेता रही। जीएम हरप्रीत सिंह व एजीएम उमेश साहू की टीम दूसरे स्थान पर रहीं। वरिष्ठ प्रबंधक राहुल रंजन पांडा और वरिष्ठ प्रबंधक (बीएसएल शुभम वर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### बीएसपी के 5 कर्मचारियों ने जीता पुरस्कार

**भिलाई।** सीआईआई पूर्वी क्षेत्र द्वारा कलकत्ता में हुई पूर्वी क्षेत्रीय कार्य कौशल प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के पांच कार्मिकों ने पुरस्कार जीते हैं। लर्निंग एवं डेवलपमेंट विभाग द्वारा 9 ट्रेड कारपेंटरी, कंप्यूटर, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, हाइड्रोलिक, मशीनिस्ट, पीएलसी, वेल्डर तथा टर्नर ट्रेड में आयोजित ईडी वर्क्स ट्रॉफी फॉर वर्क स्कील कॉम्पिटिशन के चयनित 27 विजेता प्रतिभागियों ने क भाग लिया था। संयंत्र के कर्मचारियों ने प्रथम पुरस्कार तथा चार द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

# स्वच्छता सेवा पखवाड़ा शुरूः तालाबों की सफाई में जुटे जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत भिलाई निगम ने मंगलवार को की। दुर्ग विधानसभा सांसद विजय बघेल, संभाग आयुक्त एस एन राठौर, दुर्ग कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चैधरी, महापौर नीरज पाल, सीईओ जिला पंचायत अश्विनी देवांगन, नेता प्रतिपक्ष भोजराज ,जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू ,चंद्रशेखर गंवई, अशोक द्विवेदी, आयुक्त लोकेश चंद्राकर जनप्रतिनिधि, नागरिकों की उपस्थिति में नेहरू नगर चौक स्थित भेलवा तालाब में किया गया। भिलाई के नेहरू नगर जोन 1 कार्यालय में सभी ने स्वच्छता ई सेवा शपथ संकल्प लिया। हम खुद भी श्रमदान करेंगे और दूसरे लोगों को भी कम से कम 100 लोगों से और करने के लिए प्रेरित करेंगे । फिर सब लोगों ने मिलकर तालाब में साफ सफाई कर के श्रमदान किया। सांसद विजय बघेल ने सभी से आग्रह किया। कचरा इधर-उधर फेंक देते हैं। यही भर नहीं करना है। कलेक्टर ने कहा नागरिक बस इतना करें घर से गीला और कचरा सूखा कचरा अलग करके सफाई मित्रों को दे, यह सबसे बड़ा सहयोग होगा। सब लोगों ने मिलकर स्वच्छता संदेश पर हस्ताक्षर किए। एक विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई, जो नेहरू नगर जोन कार्यालय से शुरू होकर केपीएस चौक होते हुए भेलवा तालाब में समापन हुआ।

### भिलाई निगम कार्यक्रम में सांसद बघेल ने की सफाई




### रिसाली को स्वच्छ बनाने विधायक की अगुवाई में बनी मानव श्रृंखला

**भिलाई।** विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर व महापौर शशि सिन्हा ने रिसाली को स्वच्छ बनाने श्रमदान किया। नहर के एक हिस्से की सफाई कर मानव श्रृंखला बनाकर भागीदारी सुनिश्चित करने संदेश दिया। वे सुबह स्वच्छता में जनभागीदारी कार्यक्रम में शामिल होने कल्याणी मंदिर के निकट पहुंचे थे। उन्होंने नहर से निकलने वाले कचरे को साफ करने में हाथ बढ़ाया। इस अवसर पर एमआईसी सनीर साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद विधि यादव, रमा साहू, सविता ढवस, ममता सिन्हा, शीला नारखेड़े, सरीता देवांगन, माया यादव, टीकम साहू, विलास बोरकर, शैलेन्द्र शेण्डे, राजू जंघेल, दशरथ साहू, आदि उपस्थित थे।



#### एक किलोमीटर से अधिक मानव श्रृंखला

आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में शुरू हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत श्रमदान से हुआ। बाद में विधायक ललित चंद्राकर और महापौर शशि सिन्हा की अगुवाई में कर्मचारियों और नागरिकों ने मानव श्रृंखला बनाई जो बीआरपी गेट पहुंच मार्ग के मोड़ तक पहुंची। इसका मुख्य उद्देश्य शहर को साफ सुथरा करने हम सब एक है। विधायक, महापौर व अतिथियों ने फलदार पौधे का रोपण किया।

## ओए व यूनियनों सहित विभिन्न संगठनों से की मुलाकात, समस्याओं से हुए अवगत

# इस्पात मंत्री स्वामी, सेल अध्यक्ष अमरेंदु के साथ फौलादी संस्कृति से हुए रूबरू

*केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी के दो दिवसीय प्रवास से इस्पातनगरी में आज मंगलवार को दिनभर गहमागहमी बनी रही। विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर सेल के बतौर प्रथम दौरे पर भिलाई पहुंचे इस्पात मंत्री अपने व्यस्ततम दौरे के दौरान विभिन्न गतिविधियों में शामिल हुए । इस दौरान उन्होंने बीएसपी का भ्रमण और मंत्रालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया। विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मंडलों तथा भाजपा नेताओं से मुलाकात की। सभी ने समस्याओं से अवगत कराते हुए उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। संगठनों की समस्याओं से अवगत हुए। यूनियनों और बीएसपी ओए ने भिलाई इस्पात संयंत्र और कर्मियों व अधिकारियों की समस्याओं के जल्द निदान की मांग की। सांसद विजय बघेल ने मंत्री से मुलाकात कर कार्मिकों व व्यवसायियों के समस्याओं पर चर्चा की।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत, "स्वच्छता ही सेवा-2024" अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मंत्रालय ने भारी उद्योग और इस्पात मंत्री तथा सेल चेयरमेन के हाथों श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ बीएसपी से किया । स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत, मंगलवार को कुमारस्वामी, सेल चेयरमेन अमरेन्दु प्रकाश, बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, सांसद विजय बघेल तथा कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार आदि वरिष्ठ बीएसपी अधिकारियों के साथ मिलकर बीएसपी के यूनिवर्सल रेल मिल में सफाई के लिए श्रमदान किया। इसके बाद सभी ने मंत्री के साथ इस्पात भवन में स्वच्छता की शपथ ली।बीएसपी के विभिन्न विभागों में धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा हुई। यूआरएम में कुमारस्वामी, सेल चेयरमेन अमरेन्दु प्रकाश, सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, सांसद विजय बघेल तथा कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों सहित विश्वकर्मा पूजा में शामिल हुए। उन्होंने कार्मिकों व अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित और श्रेष्ठ कार्य करने का आग्रह किया।

### इस्पात मंत्री व सेल चेयरमेन ने बीएसपी में श्रमदान कर स्वच्छता ही सेवा का किया शुभारंभ, विश्वकर्मा पूजा में हुए शामिल



### बीएसपी का किया दौरा, अधिकारियों की ली बैठक



इस्पात मंत्री कुमारस्वामी ने सेल अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश के साथ मंगलवार को भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा किया। बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी साथ थे। संयंत्र भ्रमण के प्रारंभ में मंत्री व सेल चेयरमेन मेन गेट स्थित सुरक्षा उत्कृष्टता केन्द्र पहुंचे, जहां उन्हें संयंत्र भ्रमण के दौरान आवश्यक सुरक्षा निर्देशों से अवगत कराया गया। सेफ्टी एक्सीलेंस सेंटर से वे कोक ओवन बैटरी 7 तथा 8 गए, जहां उन्होंने हीटिंग व कोक उत्पादन प्रक्रिया का अवलोकन किया। मॉडेक्स इकाइयों ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 व यूआरएम के उत्पादन प्रणाली से अवगत हुए। उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस-8 में हॉट मेटल उत्पादन, एसएमएस-3 में क्रूड स्टील उत्पादन, यूआरएम में 130 मीटर रेल की रोलिंग प्रक्रिया को देखा। साथ ही इन प्रमुख उत्पादन इकाइयों में आयोजित विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम में शामिल होकर सभी कर्मचारियों को विश्वकर्मा पूजा की बधाई दी। इसके बाद इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित बैठक में संयंत्र में इस्पात उत्पादन की प्रक्रिया, राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं में बीएसपी के उत्पादों का अनुप्रयोग, सीएसआर पर प्रस्तुति दी। इस्पात मंत्री ने निदेशक प्रभारी व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्तमान में उत्पादन के विभिन्न पहलुओं व भावी योजनाओं पर चर्चा की।

#### मेहनत व लगन से राज्य को आगे ले जाएंः कुमार

कुमारस्वामी ने वरिष्ठ प्रबंधन को संबोधित करते हुए कहा कि मैं उत्पाद और सामाजिक क्षेत्र में बीएसपी द्वारा हासिल की गई प्रगति को देखकर संतुष्ट हूं। बीएसपी न केवल उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात का उत्पादन कर रहा है, बल्कि राष्ट्र और पूरे छत्तीसगढ़ क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और पूरी लगन के साथ छत्तीसगढ़ को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी और आगे लेकर जाएं। अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि बीएसपी सेल की प्रमुख इकाई व लघु-भारत की तरह है, जहां विभिन्न प्रांतों के लोग प्रेम व सद्भाव से रहते हैं। इस्पात मंत्री ने आफिसर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि, एससी/एसटी एसोसिएशन व ओबीसी एसोसिएशन के पदाधिकारीरियों तथा बीएसपी यूनियन के प्रतिनिधियों से प्लांट व चर्चा में प्लांट व कर्मियों की समस्याओं से अवगत हुए । मंत्री संयंत्र के विभिन्न यूनियनों भिलाई इस्पात मजदूर संघ, स्टील इम्प्लाइज यूनियन (इंटक), हिन्दुस्तान स्टील इम्प्लाइज़ यूनियन (सीटू), बीएसपी वर्कर्स यूनियन सहित लोकतांत्रिक इस्पात एवं इंजीनियरिंग मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। मंत्री व सेल चेयरमेन को भिलाई निवास पर गार्ड आफ ऑनर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीआईएसफ की डीआईजी प्रतिभा अग्रवाल व विजय बघेल भी मौजूद थे।

#### न हो निजीकरण व दिलाएं एरियर्सः सीटू



इस्पात मंत्री कुमार स्वामी के साथ विभिन्न यूनियन प्रतिनिधियों की हुई बैठक में बीएसपी कर्मियों व संयंत्र की समस्याओं के जल्द निदान की मांग की गई। सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने वेतन समझौता में पीएम गाइड लाइन की प्रति उलब्ध कराते हुए सार्वजनिक उपक्रम के कर्मचारियों के वेतन समझौता हेतु अफोर्डेबिलिटी एवं फाइनेंशियल सस्टेनेबिलिटी क्लाज से छूट देने, अपूर्ण वेतन समझौता पूर्ण कराने व 30 माह के एरियर्स भुगतान की मांग की।ईपीएफओ द्वारा सेल में कार्यरत कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए उच्च पेंशन की प्रक्रिया शुरू करने में उत्पन्न हो रही अड़चनों को दूर करने,आरआईएनएल के निजीकरण पर रोक लगा इसे व नगरनार संयंत्र तथा फैरोस्क्रैप को सेल में मर्ज करने,जेएलएन हास्पिटल को सेल एवं भारत सरकार का संयुक्त उपक्रम बनाने, बीएसपी के ठेका कर्मियों के शोषण पर रोक लगाने व मेडिक्लेम की प्रीमियम राशि प्रति वर्ष बढ़ोतरी नहीं करने की मांग तथा ग्रैच्यूटी पर लगाई गई सीलिंग को हटाने की मांग की।

पत्रकारों से संक्षिप्त चर्चा में बोले इस्पात मंत्री

### मेगा पीएसयू मामले में राष्ट्रहित सर्वोपरिः कुमार स्वामी

**भिलाई।** इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी ने कहा है कि इस्पात उद्योगों के विनिवेशीकरण या निजीकरण के मुद्दे पर हमारी सरकार बहुत गंभीर है । इस मामले में राष्ट्रहित का पूरा ध्यान रखा जाएगा। ऐसा कोई भी निर्णय नहीं लिया जाएगा, जिससे किसी को भी कोई नुकसान हो। घाटे वाले उद्योगों के सेल में विलय का सुझाव आया है, इस पर सरकार और मंत्रालय स्तर पर गंभीरता से विचार मंथन करने के बाद ही सर्वहित में किसी निर्णय को मूर्त रुप दिया जाएगा। भिलाई प्रवास पर आए श्री स्वामी ने मंगलवार को भिलाई निवास में पत्रकारों से संक्षिप्त चर्चा करते हुए कहा कि वे पहली बार भिलाई इस्पात संयंत्र के विजिट पर आए हैं। आज पीएम के जन्म दिन पर स्वच्छता ही सेवा अभियान भी शुरु किया। भिलाई इस्पात संयंत्र के विजिट के दौरान उत्पादन से इस प्लांट के देश के योगदान को भी करीब से देखा। 1959 से अब तक बीएसपी की प्रगति देश को बहुत लाभ हुआ। बीएसपी ने इस्पात विक्रय से देश के खजाने में बड़ा योगदान दिया है। पीएम मोदी की पहल से महामाया ब्लास्ट फर्नेस व यूआरएम जैसी माडेक्स इकाइयां बेहतर काम कर रही हैं। घाटे वाले आरआईएनएल, नगर नार स्टील प्लांट और एफएसएनएल के निजीकरण की बजाए सेल में रणनीतिक विलय के सेफी की मांग के सवाल पर इस्पात मंत्री ने कहा कि एकदम से किसी भी यूनिट का निजीकरण नहीं किया जाएगा। मेगा पीएसयू के मामले में मंत्रालय व सरकार गंभीरता विचार करने के बाद ही कोई ठोस निर्णय लेने विचार करेगी। कोई ऐसा निर्णय नहीं लिया जाएगा जिससे कार्मिकों के हितों को हानि और जो राष्ट्र के लिए नुकसानदेह हो। एफएसएनएल हो या फिर कोई अन्य उद्योग वर्कर्स को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। बीएसपी टाउनशिप में अवैध कब्जे हटाने पर उन्होंने कहा कि इस मामले में बीएसपी प्रबंधन लगातार प्रयासरत है । कब्जे हटाने में सफलता भी मिल रही है। बीआईटी के मान्यता के सवाल पर कुमार स्वामी ने कहा कि इस मामले पर विचार करने के बाद प्रबंधन निर्णय लेगा। चर्चा के दौरान सेल चेयरमेन अमरेंदु प्रकाश और बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता भी उपस्थित थे।



■ बीएसपी का सरकारी खजाने में अहम योगदान

### सांसद विजय के साथ मिला बीएमएस



**भिलाई।** भिलाई इस्पात मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सेल कर्मचारियों की लंबित मांगों पर इस्पात मंत्री से सांसद विजय बघेल के साथ मिलकर जल्द निदान की मांग की। बीएसपी कर्मचारियों का लंबित 39 महीने का एरियर्स व 19 महीने पर्क्स भुगतान, ग्रेच्युटी सीलिंग हटाने, दुर्गा पूजा के पूर्व कर्मचारियों को सम्मानजनक बोनस, ठेका श्रमिकों को केंद्रीय मजदूरी, एचएसएलटी ठेका श्रमिकों को एस 1 अथवा डीपीआर में नियुक्त करने,मंकी 650 वर्ग फीट तक के आवास डीजे ऑथर लाइसेंस पद्धति में दिये जाने की मांग की। मंत्री ने आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी अध्यक्ष रवि शंकर सिंह सहित शारदा गुप्ता, आईपी मिश्रा, विनोद उपाध्याय, रवि चौधरी,अरविंदर खुराना व नवीन पवार शामिल थे।

### जल्द मिले एरियर्सः इंटक



**भिलाई।** केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री श्री एच डी कुमार स्वामी से इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह एवं कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा ने मुलाकात कर कर्मचारियों की लंबित मांगों करने की मांग की। इनमें 1 जनवरी 2017 से लंबित वेज रिवीजन को जल्द पूरा र 39 महीने का एरियर्स भुगतान, ग्रेच्युटी पर से सीलिंग समाप्ति व सीलिंग के ग्रेच्युटी लागू करने की मांग की। बोनस फार्मूला में परिवर्तन कर दुर्गा पूजा से पूर्व बोनस देने, भिलाई के कर्मियों को भी हायर पेंशन स्कीम का लाभ दिलाने, 650 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर को लाइसेंस पर दिया जाए । साथ ही सेक्टर 9 हास्पिटल में स्पेशलिस्ट डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती, एफएसएनएल का निजीकरण न करने की मांग की।

### ओए ने की जल्द मुद्दों के निदान की मांग



बीएसपी ओए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर के नेतृत्व में इस्पात भवन स्थित डायरेक्ट इंचार्ज सभागार में इस्पात मंत्री व सेल चेयरमेन से मिलकर लंबित मुद्दों के निदान व निजीकरण नहीं करने की मांग की। मंत्र ने जल्द निदान का आश्वासन दिया। महासचिव परविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा,उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, उपाध्यक्ष नितेश छत्री उपस्थित थे । श्री बंछोर ने इस्पात क्षेत्र में हो रहे निजीकरण के प्रयासों को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की मांग की, ताकि राष्ट्रीय संपत्तियों तथा इनसे जुड़े रोजगार को अक्षुण बनाए रखा जा सके, सामाजिक सौहार्द को बनाए रखा जा सके। इस्पात क्षेत्र को पुनः रणनीतिक क्षेत्र घोषित करने की मांग, सार्वजनिक इस्पात उपक्रमों के समग्र उन्नयन हेतु अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के साथ रणनीतिक विलय करने का भी आग्रह किया। साथ ही कच्चे माल की सुलभ उपलब्धता निर्धारित करने, सेल में एक समान आवासीय भत्ते, केंद्रीय कर्मचारियों की तरह एच ए पर्क्स की राशि को आयकर गणना में शामिल न करने की मांग की। टाउनशिप को स्टील सिटी का दर्जा प्रदान करने की मांग रखी। सेल पेंशन योजना में डीपीई दिशा निर्देश का पालन, ईपीएस-95 के तहत हायर पेंशन बाधा दूर करने, 39 माह के एरीयर्स के भुगतान व अवैध कब्जा हटाने की मांग की। मेडिक्लेम पर लगने वाली जीएसटी की राशि को खत्म करने की भी मांग की।

# डिप्लोमा इंजीनियरों ने मोक्षगुंडम के योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई




डिप्लोमा इंजीनियर एसोशिएशन भिलाई द्वारा प्रगति भवन ऑफिसर एसोसिएशन भवन में अभियंता मोक्ष कुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती अभियंता दिवस कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल व सेफी अध्यक्ष एनके बंछोर विशेष अतिथि थे। बीएसपी के डिप्लोमा इंजीनियरों ने योगदान को याद किया। डिप्लोमा इंजीनियर श्री तिवारी व पवन साहू ने कविता पाठ व इंजीनियरों ने गीत सुनाए। अजय तमोरिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। पूर्व में विश्वेश्वरैया के चित्र पर दोनों अतिथियों ने माल्यापर्ण किया। संगठन के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने प्लांट में डिप्लोमा इंजीनियरों के योगदान व उनकी समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। सेल प्रबंधन से सम्मानजनक पद नाम में संशोधन कर डिप्लोमा इंजीनियरों के एंट्री लेवल से जूनियर इंजीनियर पद नाम देने, अधिकारी वर्ग में पदोन्नति को सरलीकरण करने व 10 वर्ष में डिप्लोमा इंजीनियरों की पदोन्नति अधिकारी संवर्ग में पदोन्नति की सुनिश्चित करने की मांग की। श्री बंछोर ने कहा कि डिप्लोमा इंजीनियरों का भविष्य सेल में खुशहाली होने वाला है सेल प्रबंधन द्वारा जारी की गई सम्मानजनक पद नाम में सुधार की गुंजाइश के साथ ई- जीरो प्रमोशन पॉलिसी को भी सरलीकरण किया जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा डिप्लोमा इंजीनियर पदोन्नति के लिए कर हो सके । इसके लिए संघर्ष का ऐलान किया । मुख्य अतिथि विजय बघेल जी ने कहा कि वे सदैव डिप्लोमा इंजीनियरों के मुद्दों के खड़े हैं, जरूरत पड़ेगी तो दिल्ली जाकर हर समस्या को सुलझाएंगे । महासचिव अभिषेक सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में उषाकर चौधरी ,शिव शंकर तिवारी ,अजय तमुरिया ,अभिषेक सिंह ,श्रवण पांडे ,पवन साहू ,रमेश साहू,मनीष यादव, घनश्याम साहू ,नील पटेल तारकेश्वर ,सुदर्शन ठाकुर, सुमन सौरभ, अभिलाष कुमार,विश्वमूर्ति तिवारी,कृष्णमूर्ति, अविनाश वेगि,सहित अन्य डिप्लोमा इंजीनियर उपस्थित थे।

■ प्रगति भवन में डेब का अभियंता दिवस समारोह





04



बदलता ट्रेंड


## लाइव इवेंट

## टेनिस बॉल क्रिकेट अंडर-19 महिला टीम का गठन, हरियाणा में खेलेगी टूर्नामेंट

**भिलाई।** 17 से 20 अक्टूबर 2024 हरियाणा में होने वाली 32 सी जूनियर (अंडर-19 बालिका वर्ग) राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ टीम का चयन कर लिया गया है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट महासंघ के तत्वावधान में होने जा रही है। चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की अंडर-19 वर्ग बालिका टीम चयन के लिए 4 सितंबर को एक ट्रायल स्पर्धा का आयोजन किया गया था। इसके आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया गया है। टीम में संध्या राव, भूमिका, जागृति, ज्ञान, मंजरी, तान्या, तनीषा, पलक जोशी, सत्या निषाद, गायत्री, लमीका, तुलसी, नमिता एवं तुमेश्वरी का चयन किया गया। चयनकर्ता जयप्रकाश आर्य, संतोष प्रसाद एवं कुदरत दास थे। सिलेक्शन कमेटी के चेयरमैन वंश बहादुर सिंह( सचिव बीएसपी टेनिस बॉल क्रिकेट क्लब एवं मेंबर एनजेसीएस) और छत्तीसगढ़ टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के सचिव आजाद अहमद ने यह जानकारी दी।

**35वीं सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिए भी खिलाड़ी तय:** जम्मू एवं कश्मीर टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा 35 सीनियर राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन 18 से 21 नवंबर 2024 तक किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन 30 अगस्त को किया गया था। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर टीम तय कर ली गई है। टीम में जे सुधा, विद्या महेश्वरी, संगीता पटेल, सोनम, महम आरा, गायत्री, पूनम, मेघा, गीतांजलि, हेमा, लीसा, देविका, मोनिका शामिल की गई हैं। स्टैंड बाई में ज्योति गुप्ता, पलक जोशी, आलिया, ज्ञान, मंजरी को रखा गया है। टीम के चयनकर्ता जेपी आर्य, संतोष प्रसाद एवं कुदरत दास थे।

## गुरु घासीदास सेवा समिति में सदस्यता अभियान 20 अक्टूबर तक

**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति की तीन वर्षीय सदस्यता अभियान शुरू हो चुका है। 15 सितंबर से इसकी शुरुआत की गई है। 20 अक्टूबर तक सदस्यता दी जाएगी। इसी दिन सारी रसीद बुक जमा होंगी। समिति सदस्यों ने बताया कि एक समय में एक ही बुक प्रदान किया जाएगा। बुक पूरा काटने एवं बुक की राशि वापस करने के बाद ही दूसरा बुक प्रदान किया जाएगा। सदस्यता बुक के साथ सूची स्पष्ट रूप से भरकर राशि जमा करना होगा, अधूरी जानकारी मान्य नहीं होगी। बुक वितरण सुबह 10 बजे से 12 बजे तथा शाम 5 बजे से 7 बजे तक जमा लिया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी गरीब दास बंजारे ने दी।

## आज से पितरों का आगमन, 2 अगस्त तक तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान जैसे अन्य अनुष्ठान होंगे

# सालभर बाद लौटने के वायदे के साथ विदा हुए गणपति, इधर विसर्जन को लेकर डीजे संचालकों में निराशा, ढोल-नगाड़े वालों के खिले चेहरे

7 सितंबर से शुरू हुए गणेश पक्ष का मंगलवार को हवन-पूजन और प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ समापन हो गया। देर रात तक गणेशोत्सव समितियों द्वारा आकर्षक झांकियों के बीच गाजे-बाजे के बीच भगवान गणेश को अगले बरस तू जल्दी आ... के वायदे के साथ विदा किया। खास बात यह रही कि इस बार डीजे नहीं बजे। इधर पितर पक्ष की भी शुरुआत हो गई। अब 2 अक्टूबर तक कोई शुभ कार्य नहीं होंगे। अपने पितरों को स्मरण करते हुए तर्पण और उन्हें पानी दिया जाएगा। इसके बाद नवरात्र होगा।



भिलाई। दुर्ग-भिलाई में अलग-अलग जगहों से पूरे दिन गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर शोभायात्रा निकलती रही। छोटे-बड़े गणेश पंडालों ने गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया। शाम के समय टाउनशिप की गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हुआ। गाजे-बाजे, आकर्षक लाइटिंग, झांकियों और धुमाल पार्टी की मौजूदगी में भगवान गणेश अपने धाम को रवाना हो गए। सेंट्रल एवेन्यू रोड पर शाम से ही दर्शानार्थियों का सैलाब उमड़ा। सेक्टर-10, सेक्टर-7 और सेक्टर-9 चौक पर सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई। दुर्ग में शिवनाथ नदी तट पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इसके अलावा नया तालाब, लुचकी तालाब, कैलाशनगर तालाब, रायपुर नाका तालाब में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। भगवान गणेश के भक्तों ने पूरे विधि-विधान से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इस दौरान छोटे बच्चों की आंखें नम नजर आईं। भगवान गणेश को विदा करते हुए उनकी आंखें भर आईं। इधर शासन के निर्देश पर इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसे डीजे संचालकों में जहां निराशा रही, वहीं ढोल-नगाड़ों और बैंड पार्टी की बुकिंग होने से उनके चेहर खिल गए। डीजे की धुन में नाचने वालों में भी निराशा देखी गई। जिले में कहीं भी तेज आवाज में लाउड स्पीकर बजाए जाने की खबर नहीं है। इधर प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस की टीम ने भी पूरे समय निगरानी रखी। गणेश समितियों को हिदायत भी दी गई।

### शासन की सख्ती का दिखा असर, नहीं बजे डीजे

छत्तीसगढ़ शासन ने 5 दिन पहले सभी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखकर साउंड पॉल्यूशन कंट्रोल करने के लिए आदेश जारी किया था। शासन की इस सख्ती का असर मंगलवार को देखने मिला। आदेश के मुताबिक गाडियों पर डीजे बॉक्स रखकर बजाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। वहीं अधिकारियों को ध्वनि प्रदूषण के मामले में शिकायत से पहले संज्ञान लेकर कार्रवाई करने और राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों को भी शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा गया था। आदेश में बताया गया है कि हाईकोर्ट ने कहा है कि जब भी शादियां, जन्मदिन, धार्मिक सामाजिक कार्यक्रमों में निर्धारित गाइड लाइन से अधिक ध्वनि प्रदूषण होने पर अधिकारी जाएं तो लोगों की भावना की कद्र करते हुए नम्रता के साथ हाईकोर्ट के आदेश का पालन करने को कहें। अगर आयोजक विरोध करता है तो उसके विरूद्ध कोर्ट में कार्रवाई की जाए। सीधे सारे उपकरण जब्त किए जाएं। प्रेशर हॉर्न वाली गाड़ियों में मल्टी टोन्ड हॉर्न पाए जाने पर उसे नष्ट करें। उनकी जानकारी रजिस्टर में दर्ज करें। साथ ही स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, कोर्ट, 100 मीटर एरियर लाउडस्पीकर प्रतिबंधित है। इसलिए इसकी भी निगरानी करते हुए नियमतः कार्रवाई करें।

### शुक्ल पूर्णिमा तिथि की समाप्ति के साथ पितृ पक्ष की शुरुआत

भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि से पितृ पक्ष का प्रारंभ हो रहा है। इस वर्ष पितृ पक्ष 17 सितंबर को भाद्रपद पूर्णिमा से शुरू होगा। 2 अक्टूबर को सर्व पितृ अमावस्या के दिन समाप्त होगा। इस अवधि के दौरान पितरों के लिए तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान जैसे धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं।पुराणों में कहा गया है कि पितर गंध और स्वाद के तत्वों से प्रसन्न होते हैं। शांति और तृप्ति के लिए जातक जलते हुए उपले (गाय के गोबर से बने कंडे) में गुड़, घी और अन्न अर्पित करते हैं, जिससे विशेष गंध उत्पन्न होती है। यह गंध पितरों के लिए भोजन के रूप में मानी जाती है। इस दिन गाय को चारा और कौवे को भी भोजन कराने की परंपरा है।

### पितृ पक्ष शुरू होने के पहले गणेश विसर्जन की अपील काम आई

बता दें कि वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने अनंत चतुर्थी के दिन ही गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की अपील की थी। उन्होंने कहा कि 18 सितंबर से पितृ पक्ष प्रारंभ हो जाएगा। इसलिए 17 सितंबर को ही गणेश प्रतिमाएं विसर्जित कर ली जाएं। उन्होंने इसे लेकर सभी गणेश पंडाल समितियों से अपील की थी। इसका असर मंगलवार को देखने को मिला। अधिकांश जगहों पर प्रतिमाएं देर रात तक विसर्जित होते रहीं। रिकेश ने कहा कि पितृ पक्ष के दौरान घर-घर में मृत आत्माओं की शांति पूजा की जाती है। इसलिए पितृ पक्ष में भगवान की प्रतिमा का विसर्जन नहीं करना चाहिए। गणेश स्थापना के 11वें दिन अनंत चतुर्दशी को प्रतिमाओं का विसर्जन करना शास्त्र सम्मत है, क्योंकि पूर्णिमा से पितृ पक्ष शुरू होता है, जो अमावस्या तक चलता है। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार पितृ पक्ष के 16 दिन तक मृत आत्माओं यानी पितरों को पूजने का विधान है, इसलिए इस दौरान भगवान की प्रतिमा विसर्जित नहीं करनी चाहिए। उनकी अपील लोगों के काम आई।



## सिटी इवेंट

## हिंदी को राजभाषा की मान्यता दिलाने में हरिशचंद्र भारतेंदु का योगदान



**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी परिषद् का गठन किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीसी अग्रवाल ने कहा कि हिन्दी दिवस 14 सितम्बर को मनाया जाता है। 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने हिन्दी भाषा को राजभाषा की मान्यता दी। हिन्दी को राजभाषा बनाने में भारतेन्दु हरिशचन्द्र का विशेष योगदान रहा है। हिन्दी विश्व स्तर की भाषा है, जो विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा है। भारत में लगभग 80 से 90 करोड़ लोग हिन्दी भाषा का प्रयोग करते हैं। हिन्दी फीजी की आधिकारिक भाषा है। सूरीनाम गुयाना मारिशस तृणिदाद में हिन्दी का प्रयोग क्षेत्रीय भाषा के रूप किया जाता है। देश में बिहार पहला राज्य था, जिसने 1981 में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया। हिन्दी में 27 लाख मूल शब्द हैं। हिन्दी का पहला टाइपराइटर 1930 में प्रारंभ हुआ। सबसे लंबी कविता जल बचाव कल बचाव हिंदी में है। इसकी लेखिका ममता नौगरैया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदान की जाने वाली बुकर पुरस्कार 2022 में हिन्दी उपन्यास रेत समाधि की लेखिका गीतांजलीश्री को मिली।

■ गर्ल्स कॉलेज में हिंदी परिषद का गठन, संगोष्ठी का भी आयोजन

**हिंदी के समृद्धशाली इतिहास पर परिचर्चा:** ज्योति भरणे ने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दी भाषा ही नहीं अपितु हमारी संस्कृति की विरासत है। हिन्दी हमारी मातृभाषा है, हिन्दी हमारी भावों एवं संवेदनाओं की अभिव्यक्ति का साधन है। हिन्दी हमारी अनमोल भाषा है। इस अवसर पर हिन्दी विभाग की छात्राएं ज्योति बंजारे, भिनेश्वरी, कविता मालेकर, कविता ठाकुर, दिव्या चापड़े, अर्चना, नेहा ने अपने विचार रखे। उन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरती राठौर और आभार प्रदर्शन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव विभागाध्यक्ष हिन्दी ने किया।



## वासू पूज्य का मोक्ष कल्याण मना भगवान जिनेंद्र की निकली शोभायात्रा

**दुर्ग।** श्री दिगंबर जैन मंदिर की पद्मनापुर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पूर्व राज पर्व दसलक्षण महापर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दस दिवसीय आयोजन के अंतर्गत मंगलवार को वासू पूज्य का मोक्ष कल्याण दिवस मनाया गया। साथ ही दोपहर बाद भगवान जिनेंद्र की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भगवान को नगर भ्रमण कराया गया। समाज के संजय बोहरा ने बताया कि इस 10 दिवसीय महापर्व को पर्व में सबसे बड़ा पर्व माना गया है। इन दस दिनों में धार्मिक, आध्यात्मिक, मंगल कार्यक्रम होते हैं। समाज के लोग 10 दिन अपनी इच्छा के अनुसार तप, त्याग और तपस्या के साथ व्रत धारण कर संयम के पथ पर अग्रसर होते हैं। समाज के अध्यक्ष विजय बोहरा ने बताया कि मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। मंदिर में प्रतिदिन अभिषेक, शांति धारा पूजन के बाद विद्वान शास्त्री सम्यक वाराणसी द्वारा तत्वार्थ सूत्र शास्त्र का पठन और रात्रि में स्थान या संत भवन में महिलाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



### जैन मंदिर में पूरे दिन अलग-अलग कार्यक्रम

समाज के सचिव आशीष जैन ने बताय कि 10 दिवसीय पर्व में मंगलवार को भगवान वासु पूज्य का मोक्ष कल्याण दिवस मंदिर प्रांगण में मनाया गया। अनंत चतुर्दशी पर दोपहर 2 बजे जिनेंद्र देव की भव्य सवारी नगर भ्रमण के लिए निकली। मंगल शोभायात्रा नगर भ्रमण कर मंदिर की में विराजमान हुई। संजय बोहरा ने बताया कि इस महापर्व का अंतिम और महत्वपूर्ण कार्यक्रम रविवार 22 सितंबर को विश्व शांति पर्व अर्थात क्षमा वाणी के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन व्रतधारी, तपस्यियों का सम्मान किया जाएगा।

## एकेडमी-360 ने जीते पदक, सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुए सम्मानित




**दुर्ग।** ऋषभ नगर स्थित एकेडमी 360 के बच्चों ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत योग साधना की कला के प्रदर्शन के साथ हुई। जिम, वेस्टर्न पैरोडी, शतरंज, कुडो, मार्शल आर्ट जैसे आयोजन भी हुए। जहां छात्रों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 8 गोल्ड, तीन रजत और दो कास्य पदक जीते। एकेडमी 360 के सह संस्थापक ने कहा कि स्पॉटलाइट केवल शोकेस नहीं है या हर छात्रों का समग्र विकास ही हमारी प्राथमिकता है। यह हर समय बच्चों को कुछ बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## आईआईटी भिलाई में एक दिवसीय कार्यशाला, एनआईटी रायपुर और सीएसवीटीयू के विशेषज्ञ भी हुए शामिल

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति की चुनौतियों पर मंथन, समाधान को लेकर नए मॉडल डिजाइन करने दिए सुझाव

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** आईआईटी भिलाई ने एनआईटी रायपुर और सीएसवीटीयू भिलाई के सहयोग से मल्टीपल एंट्री और मल्टीपल एग्जिट सिस्टम और अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया। एआईसीटीई और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के तत्वावधान में मल्टीपल एंट्री और मल्टीपल एग्जिट सिस्टम और अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट यह कार्यक्रम हुआ। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन आईआईटी के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने किया। राजीव प्रकाश ने स्थानीय भाषाओं, परंपराओं और संस्कृति को अकादमिक पाठ्यक्रम में एकीकृत करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। उन्होंने व्यापक भागीदारी और सीखने को बढ़ावा देने में समावेशी शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण एनआईटी के निदेशक प्रो. एनवी रमना राव ने दिया। उन्होंने एमईएमई और एबीसी को लागू करने के साथ अपने संस्थान के अनुभवों को साझा किया।




### शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कोठारी भी पहुंचे

कार्यशाला में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी प्रमुख रूप से मौजूद थे। उन्होंने बहुविषयक शिक्षा, व्यावसायीकरण, कौशल विकास का निर्माण और शिक्षा के साथ आध्यात्मिकता को शामिल करने का सुझाव दिए। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का के बारे में बताते हुए कहा कि एमईएमई और एबीसी छात्र केंद्रित सीख को बढ़ावा दे सकते हैं। उच्च शिक्षा में नवाचार को बढ़ावा दे सकते हैं। ऑर्गेनाइजेशन के संपादक प्रफुल्ल प्रदीप केतकर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में सांस्कृतिक मूल्यों को समझने के महत्व पर जोर दिया। एनईपी के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अंतःविषय संस्थानों को एकीकृत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

### एजुकेशन सिस्टम डिजाइन करने और टीचर्स ट्रेनिंग पर भी जोर

प्रो. राजीव प्रकाश द्वारा संचालित समापन पैनल चर्चा में प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा और प्रो. जी.एस. मूर्ति जैसे प्रतिष्ठित पैनलिस्ट शामिल थे। यह चर्चा आईकेएस के साथ संरेखित पाठ्यक्रम संरचनाओं को डिजाइन करने, शिक्षक प्रशिक्षण शुरू करने और व्यावहारिक सत्रों को शामिल करने पर केन्द्रित रही। प्रो. राजीव प्रकाश ने कहा कि आईआईटी भिलाई राज्य विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों को एनईपी 2020 को लागू करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है और आईआईटी भिलाई राज्य शिक्षा में एनईपी 2020 में आईकेएस को लाने के लिए पहल करेगा। आईआईटी के डीन प्रो. ध्रुव प्रताप सिंह के धन्यवाद ज्ञापित किया।

### चर्चा के दौरान कई चुनौतियों पर विचार समाधान भी तलाशा

कार्यशाला के दौरान एमईएमई और एबीसी को लागू करने में कई चुनौतियों की पहचान की गई। इसमें अपर्याप्त संकाय, जटिल क्रेडिट ट्रांसफर सिस्टम और संस्थागत रैंक मुद्दे शामिल हैं। एक मजबूत प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) स्थापित करने, डिग्री नामों को मानकीकृत करने और मॉड्यूलर पाठ्यक्रम संरचनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सुझाव दिए गए। चर्चाओं से मुख्य निष्कर्ष संस्थानों के बीच सहयोग, क्रेडिट ट्रांसफर तंत्र में सुधार, संकाय विकास कार्यक्रमों को बढ़ाने और आधुनिक शिक्षा प्रणालियों के साथ आदिवासी ज्ञान को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया गया।

स्पोर्ट्स लाइव

## स्पर्धा में कन्या महाविद्यालय ने जीती बैडमिंटन चैम्पियनशिप



**भिलाई।** भिलाई महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित उच्च शिक्षा विभाग सेक्टर स्तरीय महाविद्यालयीन बैडमिंटन महिला प्रतियोगिता में सभी टीमों को एकतरफा हराकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग फाईनल में पहुंचा एवं फाईनल में भिलाई महिला महाविद्यालय को परास्त कर विजेता बना। इस प्रतियोगिता में कुल 17 टीमों ने हिस्सा लिया था। कन्या महाविद्यालय का प्रथम मैच कल्याण महाविद्यालय सेक्टर 7 के बीच खेला गया। जिसमें 2-0 से कन्या महाविद्यालय विजयी हुआ। दूसरा मैच सेंट थामस महाविद्यालय रूआबांधा के बीच हुआ जिसमें कन्या महाविद्यालय 2–0 से विजेता रहा। सेमीफाईनल शासकीय कन्या महाविद्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय बालोद के विरूद्ध खेला गया जिसमें बालोद की स्तुति ने कन्या महाविद्यालय दुर्ग की अदिति अग्रवाल को 2–0 से परास्त किया। डबल्स में कन्या महाविद्यालय की रमा एवं अदिति की जोड़ी ने बालोद की स्तुति एवं अनुष्का को 2-0 के सीधे सेटों से परास्त किया। द्वितीय सिंगल्स में रमा दत्ता ने बालोद की अनुष्का को 2-0 के सीधे सेटों से परास्त कर फाईनल में प्रवेश किया।

### फाइनल जीतकर ट्राफी किया अपने नाम

फाइनल मैच में कन्या महाविद्यालय की अदिति ने वनिषा 21–7, 21–8 को परास्त किया। डबल्स में कन्या महाविद्यालय की रमा दत्ता और अदिति ने महिला महाविद्यालय की वनिषा एवं दीक्षा की जोड़ी को 21–2, 21–3 से परास्त कर फाईनल जीतकर ट्राफी अपने नाम किया। कन्या महाविद्यालय की टीम में कप्तान रमा दत्ता, अदिति अग्रवाल, दामु कावेरी, हेमा सिंह, टीम मैनेजर डॉ ऋतु दुबे थी। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ डीसी अग्रवाल, क्रीड़ा समिति की संयोजक डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियो की इस उपलब्धि पर बधाई दी।

हेल्थ इवेंट

## बुजुर्गों को फिजियोथेरेपिस्ट ने कराया व्यायाम और स्ट्रेचिंग



**भिलाई।** फिजियोथेरेपी से वृद्धजनों को ठीक करने व उसकी जानकारी देने के लिए निःशुल्क फिजियोथेरेपी जागरूकता शिविर का आयोजन भिलाई के नेहरू नगर पूर्व में स्थित द हीलर्स फिजियोथेरेपी क्लिनिक की प्रमुख फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. टीना सिंह दवरा किया गया। यह शिविर कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन द्वारा संचालित रामशीला की कुटिया वृद्धाश्रम में किया गया था। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य वृद्ध व्यक्तियों के स्वास्थ्य और फिटनेस पर ध्यान केंद्रित करना था, ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके और वे अपने जीवन का आनंद ले सकें। शिविर में भाग लेने वाले वृद्धजनों को दैनिक जीवन में अपनाई जा सकने वाली विभिन्न प्रकार की व्यायाम और स्ट्रेचिंग तकनीकें सिखाई गईं। साथ ही उनके स्वास्थ्य समस्याओं का भी निदान किया गया और उचित सलाह दी गई। शिविर के दौरान, डॉ. टीना सिंह ने कहा कि समाज को कुछ वापस देने और उन लोगों के लिए काम करने की मेरी इच्छा है, जिन्हें अक्सर समाज में अनदेखा कर दिया जाता है। मैं विशेष रूप से वृद्धावस्था में लोगों की मदद करना चाहती हूं, ताकि वे स्वस्थ और सक्रिय जीवन जी सकें। अजय कल्याणी ने डॉ. टीना सिंह को इस महत्वपूर्ण पहल के लिए सम्मानित किया और उन्हें भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को जारी रखने की बातें कही। इस शिविर में डॉ. टीना सिंह के साथ भिलाई के प्रमुख फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सचिन धीमन और समाजसेविका सोनिया सोंधी ने भी इस सेवा कार्य में सहयोग दिया। डॉ सचिन व सोनिया ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल वृद्धजनों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि उन्हें मानसिक सशक्तिकरण का भी अनुभव कराते हैं, जिससे वे अपने जीवन के इस महत्वपूर्ण समय का आनंद ले सकें।

- द हीलर्स फिजियोथेरेपी द्वारा वृद्धों के लिए नि:शुल्क फिजियोथेरेपी जागरूकता शिविर का आयोजन

धर्म इवेंट

## महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर किया गणेश प्रतिमा का विसर्जन



**भिलाई।** राधिका नगर महिला मंडल द्वारा शिव मंदिर में गणेश प्रतिमा की स्थापना कर प्रतिदिन विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई है। जिसमें प्रतिदिन शाम 5 बजे से 7 बजे तक भजन कीर्तन कर शाम को 7 बजे सामूहिक आरती का आयोजन किया गया था। जिसमें राधिका नगर की समस्त महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चों सहित सभी वर्गों के लोग उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया। महिला मंडल की प्रवक्ता मंजू संजय सिंह ने बताया कि सार्वजनिक शिव हनुमान सेवा समिति की महिलाओं द्वारा इस वर्ष पहली बार प्रयास कर गणेशोत्सव मनाया गया। आयोजन का उद्देश्य समस्त नारी शक्ति को एक मंच में लाकर आत्मविश्वस विकसित करना था।

- निषाद समाज ने दिया सामाजिक एकता का संदेश

# तीन हजार से अधिक महिलाओं से झलका पारंपरिक रीति-रिवाज, कुरीतियों से बनाई दूरी

**दुर्ग।** जिला निषाद समाज दुर्ग महिला प्रकोष्ठ के संयोजन में जिला स्तरीय तीज मिलन समारोह का आयोजन विवेकानंद हाल दुर्ग में आयोजित किया गया। जिला निषाद समाज द्वारा समाजिक एकता और छत्तीसगढ़ी संस्कृति, कला खान-पान को बढ़ावा देने के लिए अनेक आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित सैंकड़ो महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में छत्तीगढ़ की पारंपरिक छठा बिखेरी। निषाद समाज की 3 हजार से अधिक की संख्या में उपस्थित महिलाओं द्वारा हरे रंग की साड़ी की वेशभूषा के साथ तीज मिलन समारोह में कुर्सी, दौड़, फुगड़ी, रंगोली, व्यंजन, की बगिया तीज क्वीन, समूह नृत्य, नाट्य प्रहसन में प्रतिभागी बनकर अपनी एकता और सांस्कृतिक कला से सामाजिक कुरीतियों को दूर करते हुए समाज में रचनात्मक कार्यों को बढ़ावा देने शानदार आयोजन किए। कार्यक्रम की शुरुआत निषाद समाज के आराध्य देव भगवान श्री राम एवं भक्त गुहा निषाद राज के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर आरती पूजा की गई। तीज मिलन समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, विशेष अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तीज मिलन समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति को सराहा।




### बताए रोजगार के विकल्प

मंजू वोरा ने कहा कि समाज की महिलाएं व्यवसाय करने से न केवल आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं, बल्कि वे समाज में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। होम-कुक्ड भोजन स्वादिष्ट और ताजा भोजन तैयार कर, कढ़ाई या बुनाई हाथ से बनाए गए कपड़े या सामान बेच सकती है। ऑनलाइन शिक्षण अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग करके ऑनलाइन कक्षाएं दें। ब्यूटी सेवाएं मेकअप, हेयरस्टाइलिंग या स्किनकेयर सेवाएं प्रदान करें। कार्यक्रम में श्वेता बाकलीवाल, प्रेमलता निषाद, रागिनी निषाद, रामप्यारी निषाद, जानकी निषाद ने भी समाज के महिलाओं को संबोधित किया।

### परोसे गए छग व्यंजन

मंच संचालन महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद, युवा अध्यक्ष विरेन्द्र निषाद ने आभार प्रदर्शन किया। समाज की महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया था जिसमें अईरसा, ठेठरी, खुरमी, चीला फरा, कटवा भजिया सहित अन्य छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाया गया था। उपस्थित सामाजिक जनों ने व्यंजनों का लुफ्त उठाया सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र एवं तीजा के श्रृंगार समान दिया गया।

### यह रही विजेता,मेधावी बच्चें हुए पुरस्कृत

कार्यक्रम में तीज क्वीन के लिए 13 परिक्षेत्र की महिलाओं ने कुर्सी दौड़ में भाग लिया। जिसमें सभी परिक्षेत्र से दो-दो प्रतिभागी रहे व ग्राम सुखरी कला शिव कोकडी परिक्षेत्र से तीज क्वींन 2024 का खिताब भुवनेश्वरी निषाद को मिला। द्वितीय व तृतीय तीज क्वीन नंदकट्ठी परिक्षेत्र से भारती निषाद, सुनीता निषाद बनीं। फुगड़ी में प्रथम यामिनी निषाद, द्वितीय झरियारिन निषाद बनीं। रस्साकसी में सभी परिक्षेत्र की महिलाएं भाग ली। जिसमें पांच परिक्षेत्र जीत हासिल की। इस दौरान समाज की महिलाओं दवरा व्यवसाय करने व आत्मनिर्भर बनने वाली एवं शिक्षा के क्षेत्र में 2023 के मेधावी छात्र-छात्राओं को समाज गौरव सम्मान से अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

### सशक्तिकरण की ओर बढ़ रही महिलाएं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशेष अतिथि सुशीला निषाद महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष ने समाज में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए व्यवसाय करना एक महत्वपूर्ण कदम बताया। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। संतोषी निषाद जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ने कहा महिलाओं का सशक्तीकरण एक महत्वपूर्ण विषय है। व्यवसाय करने से महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो सकती हैं और अपने परिवारों का बेहतर जीवन प्रदान कर सकती हैं। सामाजिक महिलाएं को व्यवसाय करने के खुद पर लिए आत्मविश्वास रखें। अपने कौशल और क्षमताओं पर विश्वास करें। आप सफल हो सकती हैं।

भगवान जिनेंद्रदेव उत्सव

## धर्म से बढ़कर दुनिया में दूसरा मार्ग नहीं, निकली शोभायात्रा



**भिलाई।** त्रिवेणी जैन तीर्थ में मंगलवार को जिनेंद्रदेव भगवान का मंगल अभिषेक हुआ। 10 लक्षण महापर्व में संतों ने संदेश दिया कि धर्म से बढ़कर दुनिया में दूसरा कोई मार्ग नहीं है। आप सभी जैन धर्म की शिक्षा संस्कार को ग्रहण करते हुए देव शास्त्र गुरु के चरणों में अपना जीवन व्यतीत करें। इससे पहले मंदिर में सुबह मंगल अभिषेक किया गया। विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। दोपहर 2 बजे जैन भवन सेक्टर 6 से भव्य रथ में जिनेंद्रदेव भगवान की अष्टधातु की प्रतिमा के साथ इंद्र, सौधर्मेंद्र, सनथ इंद्र, कुबेर इंद्र, ईशान इंद्र, महेंद्र इंद्र और सारथी सहित गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा जैन भवन से गुरुद्वारा रोड से होते हुए सेक्टर 6 मार्केट के पास से अग्रसेन भवन के सामने से होते हुए गुजरी। नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा पुनः त्रिवेणी जैन तीर्थ में समाप्त हुई। जहां 10 लक्षण धर्म के उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म दिवस पर भाग्यशाली कूपन के परिवार विजेताओं द्वारा जिनेंद्र भगवान का मंगल अभिषेक किया गया। शाम साढ़े 7 बजे मंगल आरती हुई। इसके बाद प्रवचन और 48 दीपों के साथ भक्तामर का पाठ हुआ। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोमेश बाकलीवाल, सिंपी डिंपी जैन, मुन्ना लाल जैन, आशीष जैन, अनुपमा प्रियेश जैन, भारत जैन, प्रदीप जैन बाकलीवाल, निशांत जैन, पीयूष छाबड़ा, राहुल जैन, सुरेंद्र अजमेर, डॉ. ऋषभ जैन सहित अन्य मौजूद थे।

- दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर–6 में दिनभर कार्यक्रम, मंगल अभिषेक भी हुआ



सम्मान समारोह

## राष्ट्रीय हिंदी भाषा सम्मान से सम्मानित हुए कैलाश जैन

**भिलाई।** दुर्ग के वरिष्ठ समाजसेवी व साहित्यकार कैलाश जैन बरमेचा को राष्ट्रीय हिंदी भाषा सम्मान से सम्मानित किया गया। कोटा राजस्थान में संगम अकादमी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में निदेशक ओम प्रकाश लववंशी ने कैलाश बरमेचा को राष्ट्रीय हिंदी भाषा से सम्मानित करते हुए कहा कि आपको राष्ट्रीय हिंदी भाषा सम्मान से सम्मानित करते हुए हमारी संस्था गौरावान्वित महसूस कर रही हैं। उन्होंने श्री बरमेचा को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे हिंदी भाषा की सेवा अनवरत जारी रखने की शुभकामनाएं दी। श्री लववंशी ने आगे कहा कि कैलाश जैन बरमेचा को राष्ट्रीय हिंदी भाषा सम्मान उनके साहित्य लेखन के प्रति हिंदी के विशेष शब्दों का चयन, हिंदी के प्रति लगाव व राष्ट्रभाषा को समर्पित मनोभाव को जागृत कर समाज में अपनी वरिष्ठ उपस्थिती से सबको ध्यानाकर्षित किया है।

### हिंदी से गहरा लगाव- बरमेचा



हिंदी के प्रति अपनी मनोविचारों को प्रकट करते हुए कैलाश चंद्र बरमेचा ने कहा कि शुरू से ही उनका हिंदी से लगाव रहा है। हिंदी लेखनी बचपन से ही प्रभावित करती रही है किंतु पारिवारिक परिस्थिति के चलते यह नाता कुछ अंतराल के लिए थम सा गया था लेकिन जज्बा कायम रहा। साहित्य से जुड़ा नाता आखिरकार लोगों को ध्यान आकर्षित करने में कामयाब रहा और यही वजह है कि मुझे राष्ट्रीय हिंदी भाषा सम्मान योग्य समझा गया। श्री कैलाश मानव सेवा को ही माधव सेवा मानते हुए सेवाकार्यो में निरंतर लगे हुए है। सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर वे जरुरतमंदो की सहायता करते रहते है।

22 सितंबर को आधिकारिक दौरे पर आएंगी संध्यारानी

## प्रयास स्कूलों में आईवीसी मेंबर्स देंगी कैंसर दवा की खुराक



**भिलाई।** इनर व्हील क्लब दुर्ग में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन 326, संध्या रानी मिश्रा 22 सितंबर को आधिकारिक दौरे पर पहुंच रही हैं। इस दौरान वे क्लब सदस्यों के साथ बातचीत करेंगी। सामाजिक कार्यों और सेवा सहयोग के अवसरों पर चर्चा करेंगी। क्लब की पारूल जायसवाल ने बताया कि आईडब्लूसी दुर्ग द्वारा डीसी की उपस्थिति में 6 प्रयास स्कूल की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर की पहली खुराक देने का आयोजन किया जाएगा। साथ ही दूसरी और तीसरी खुराक की तारीखें भी बताए जाएंगे। इन दोनों तारीखों की घोषणा भी की जाएगी। साथ ही उनकी उपस्थिति में दिव्या ज्योति नेत्रहीन आवासीय विद्यालय के बच्चों बिस्तर दान करेंगे।

अल मदद वेलफेयर सोसाइटी ने बच्चों को किया सम्मानित

## हौसला अफजाई से खिले चेहरे, 10 वीं व 12वीं में उच्च अंक हासिल करने पर मिली शाबाशी



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के सिलसिले में शहर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। इसी कड़ी में अल मदद वेलफेयर सोसाइटी ने सेक्टर-7 में एक आयोजन बच्चों की हौसला अफजाई के लिए रखा। आयोजन में मुख्य अतिथि पार्षद लक्ष्मीपति राजू थे। इस दौरान पिछले दिनों हुए नात शरीफ में बेहतरीन नात पेश करने वाले, 10 वीं व 12 वीं उच्च अंक हासिल करने व अन्य उपलब्धि हासिल करने वाले तथा मदरसों के बच्चों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पार्षद और महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू ने बच्चों की हौसला अफजाई को एक बेहतर कदम बताते हुए कहा कि ऐसे प्रोत्साहन से बच्चों को भविष्य की नई राह मिलती है।



### आयोजकों का जताया आभार, बच्चों को दुआओं से नवाजा

उन्होंने संयोजक हाजी अनवर अली व अल मदद वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष अंजुम अली सहित तमाम पदाधिकारियों को इस तरह के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पहुंचे खुर्सीपार से हाफिज इमरान और हाफिज जाकिर, अहिवारा से हाफिज नदीम अजहरी, मड़ोदा से हाफिज जमील और उमरपोटी मदरसा से हाफिज जीशान ने इन बच्चों को दुआओं से नवाजा।

### बच्चें हुए सम्मानित

जिन बच्चों को सम्मानित किया गया, उनमें बेहतर शैक्षणिक परिणाम लाने वालों में दसवीं में आरिफा फातिमा खान, मिर्जा फरहान बेग, नाजिया खातून, 12वीं में अरबाब हुसैन, अयान रहमान और राबिया कौसर, अन्य सम्मानित बच्चों में जुनैद, फैजान अल्तमश, कैफ हैदर, तनवीर आलम, नवेद, नात शरीफ में पहला अमीन, दूसरा सुहैल, तीसरा सुमायरा, फैजाने रसूल कमेटी से फैजान, समीर अहमद, सिराज, हमजा, मुजीब, वसीम, मोहम्मद रुआब, मोहम्मद कैस, मोहम्मद ओवैस, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद जान, मोहम्मद शमीम, नैयर रजा, मोहम्मद फैसल, मोहम्मद रईस और जुनैद हैं।अल मदद वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष अंजुम अली, कौसर खान, नाहिदा खान, शाहीन खान, डॉ. अमरीन, रुखसाना सिद्दीकी, फरीदा अली, फरहीन, रानी खान, जुल्फी, बिलकिस, नीलोफर, लीना तजमीन, सबेरा, दिलशाद,सुल्ताना, शिरीन, कैसर इकबाल, सरवरी, रुबीना ने आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### मध्यप्रदेश ने छत्तीसगढ़ को हराया, अजय की शानदार पारी



**रायपुर।** कर्नाटक स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से डॉ. (कैप्टन) के. थि म्मा प्पि या मेमोरियल क्रिकेट टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 4 सितंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम का तीसरा मैच (14 -17 सितंबर) बैगलूरु, कर्नाटक में मध्यप्रदेश के विरुद्ध खेला गया। चौथे और आखिरी दिन मध्यप्रदेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मध्यप्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 116.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 360 रन बनाए। मध्यप्रदेश की ओर से शुभम शर्मा ने 97 रन, कप्तान हरप्रीत सिंह ने 80 तथा कनिष्क दुबे ने 63 रनों की पारी खेली तथा अपनी टीम को खराब शुरुवात से उबारा तथा टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुचांने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण ने 24 ओवरों में 65 रन देकर 7 विकेट प्राप्त किए। उनके अतिरिक्त अजय मंडल ने भी 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ ने अपनी पहली पारी में 63.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 164 रन बनाये। छत्तीसगढ की ओर से ऋशभ तिवारी ने 65 रनों का योगदान दिया। वहीं मध्यप्रदेश की ओर से कुलवंत ने 5 तथा शुभम ने 3 विकेट प्राप्त किये। मध्यप्रदेश ने अपनी दूसरी पारी में 52.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 169 रन बनाये।

मध्यप्रदेश की ओर से सागर सोलंकी ने 77 रन तथा आर्यन पांडे ने 30 रन बनाये। छत्तीसगढ की ओर से अजय मंडल ने 5 विकेट, रवि किरण तथा सानिध्य हुरकत ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ की टीम अपनी दूसरी पारी में 65.3 ओवरों में 9 विकेट पर 136 रन ही बना सकी। छत्तीसगढ की ओर से अजय मंडल ने 41 रन तथा आशुतोष सिंह ने 24 रनों का योगदान दिया। वहीं मध्य प्रदेश की ओर से कुमार कार्तिकेय तथा सागर सोलंकी ने 3-3 विकेट लिये। मध्यप्रदेश ने मैच 229 रनों से जीत लिया।

### मेडिकल कॉलेज स्टूडेंट्स ने दिखाए क्रिकेट में हुनर



**रायपुर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में तीन दिवसीय जे. एन. एम. प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार 13 सितंबर से रविवार 15 सितंबर किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग के अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, इंटर्न व संकाय सदस्यों की कुल आठ टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन डॉ. आशीष सिन्हा विभागाध्यक्ष, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के सान्निध्य में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट के आधार पर खेली गई। लीग राउंड के बाद मेलिगनेंट इलेवन, इनविसिबल नाइट, ऑर्गनाइजर इलेवन, रेजिंग रिबेल ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रथम सेमीफाइनल इनविसिबल नाइट और ऑर्गनाइजर इलेवन के मध्य खेला गया जिसमें ऑर्गनाइजर इलेवन विजयी रहा। दूसरा सेमीफाइनल मेलिगनेंट इलेवन व रेजिंग रिबेल के मध्य खेला गया जिसमें रेजिंग रिबेल विजयी हुआ। फाइनल मैच ऑर्गनाइजर इलेवन व रेजिंग रिबेल के मध्य खेला गया। रेजिंग रिबेल ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का निर्णय लिया। ऑर्गनाइजर इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट के नुकसान में एक सौ सत्ताइस रन बनाए। जवाब में रेजिंग रिबेल सत्तावन रन पर ऑल आउट हो गई। विजेता टीम की ओर से संस्कार गुप्ता ने छह विकेट चटकाए, शेर सिंह और भरत ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, रेजिंग रिबेल के हिमांशु दुबे का प्रदर्शन सराहनीय रहा। मैन ऑफ द टूर्नामेंट भरत, ऑरेंज कैप डॉ. आयुष पटेल को एवं परपल कैप संस्कार गुप्ता को प्रदान किया गया। फाइनल मैच के अतिथि डॉ. अरविंद नेरल, प्रोफेसर एंड हेड पैथालॉजी विभाग, डॉ. अजय हलवाई एसोसिएट प्रोफेसर फार्मकोलोजी विभाग और डॉ. कुशल चक्रवर्ती असिस्टेंट प्रोफेसर एनाटॉमी विभाग थे। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि एवं चिकित्सा छात्रसंघ के चेयरमेन डॉ. अरविंद नेरल ने विजेताओं को बधाई दी। तीन दिवसीय इस पूरे आयोजन में इलेक्ट्रॉनिक स्कोरिंग सिस्टम, अंपायरिंग और कमेंट्री उच्च स्तरीय रही। प्रतियोगिता के दौरान डॉ .सुधीर राजपाल स्पोर्ट्स ऑफिसर, समस्त प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी व भारी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। संपूर्ण प्रतियोगिता के आयोजन में शेर सिंह, संस्कार गुप्ता, भरत एवं विष्णु का योगदान सराहनीय रहा।

अचानक घबराहट और चिंता की यह समस्या अब आम हो चली

# हार्ट अटैक से मिलते-जुलते होते हैं पैनिक अटैक के लक्षण, जानिए राहत के लिए कुछ जरूरी उपाय

आपने भी कई लोगों को पैनिक अटैक की समस्या से परेशान देखा होगा। अचानक घबराहट और चिंता की ये समस्या भय की शारीरिक संवेदनाओं का कारण बनती है। इस स्थिति में दिल की धड़कनों के तेज होने, सांस लेने में तकलीफ होने, चक्कर आने, कंपकंपी और मांसपेशियों में दर्द की दिक्कत हो सकती है। पैनिक अटैक अक्सर अप्रत्याशित रूप से होते हैं और अक्सर किसी बाहरी खतरे से संबंधित नहीं होते हैं। पैनिक अटैक की स्थिति में आपको ऐसा लग सकता है जैसे आप शरीर से नियंत्रण खो रहे हैं या आपको हार्ट अटैक हो रहा है।

कई लोगों को अपने जीवनकाल में एक या दो बार पैनिक अटैक हो सकता है हालांकि ज्यादातर मामलों में ये अपने आप ठीक भी हो जाता है। लेकिन अगर आपको बार-बार, अप्रत्याशित रूप से ये समस्या हो रही है तो इस बारे में किसी विशेषज्ञ से सलाह जरूर ले लेनी चाहिए। कुछ स्थितियों में ये मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम के कारण भी हो सकती है।







### पैनिक अटैक में और क्या होते हैं लक्षण?

पैनिक अटैक के लक्षण आमतौर पर बिना किसी चेतावनी के अचानक शुरू होते हैं। पैनिक अटैक की सबसे गंभीर दिक्कत ये है कि इसमें लोगों को लगता है उन्हें हार्ट अटैक आ रहा है। पैनिक अटैक की स्थिति में आपको कुछ और तरह की दिक्कतें हो सकती हैं, जिसको लेकर सभी लोगों को गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है।

### हार्ट अटैक जैसे लक्षण पर, ये अलग समस्या है

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पैनिक अटैक की समस्या में ज्यादातर लक्षण हार्ट अटैक जैसे हो सकते हैं, हालांकि स्थिति का समय पर सही निदान किया जाना आवश्यक माना जाता है। पैनिक अटैक आमतौर पर बिना किसी चेतावनी के अचानक शुरू हो सकता है। पैनिक अटैक कम होने के बाद आप थका हुआ महसूस कर सकते हैं।हार्ट अटैक की ही तरह पैनिक अटैक के कारण भी आपका ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, पसीने की समस्या होने लगती है, मितली और छाती में दर्द का भी अनुभव होता रह सकता है। ऐसे ही लक्षण हार्ट अटैक के भी माने जाते रहे हैं।



## अरोमा योग करने से रहेंगे आप तंदुरुस्त

योग हमारे सेहत के लिए काफी फायदेमंद है। यूं कहें कि रोग आपको निरोग रख सकता है। ये ना सिर्फ शरीर की मांसपेशियों को आराम पहुंचाता है बल्कि हमारे मन मस्तिष्क को भी शांत रखने में मदद करता है। कुल मिलाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग काफी जरूरी है। योग के अपने-अपने प्रकार हैं। कुछ से आप वाकिफ होंगे तो कुछ के बारे में जानकारी नहीं होगी।

आज हम आपको योग के एक ऐसे फॉर्म के बारे में जानकारी दे रहे हैं जिसके बारे में शायद ही लोगों को मालूमात होगी। हम बात कर रहे हैं अरोमा योग के बारे में। आइए एक्सपर्ट से जानते हैं अरोमा योग के फायदे। इस बारे में पीएसआरआई अस्पताल के कंसल्टेंट साइकेट्रिस्ट परमजीत सिंह जानकारी दे रहे हैं।

### क्या होता है अरोमा योग

अरोमा का साफ मतलब खुशबू होता है,यानी खुशबू या सुगंध के साथ योग करना। ये दो विधियों का संगम है। योग के वक्त अरोमा ऑयल्स या किसी तरह की खुशबू, किसी सुगंधित पौधे के रसों का इस्तेमाल किया जाता है जिससे आपके मानसिक स्थिति को सुधारने में मदद मिलती है।

ये इस योग में लैवेंडर, कैमोमाइल, यूकलिप्टस, रोज, या जो भी सुगंधित तेल, खुशबू आपको पसंद है उसका



इस्तेमाल किया जा सकता है। आइए जान लेते हैं इस योग को करने का तरीका क्या है और इससे क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।

### कैसे करें अरोमा योग

सबसे पहले योग करने के लिए शांत, ठंडी और सुरक्षित जगह का चुनाव करें। यहां आप मैट बिछाकर वज्रासन में बैठ जाएं। अब आप अपना पसंदीदा अरोमा तेल चुने,जैसे लैवेंडर, कैमोमाइल, यूकलिप्टस आप अरोमा तेल को डिफ्यूजर में डाल कर अपने पास रख सकते हैं या फिर तेल की कुछ बूंदें अपने हाथों में लगाएं। अगर आपके पास तेल नहीं है तो खुशबू वाली मोमबत्ती का इस्तेमाल करें। अब प्राणायाम करें। बैठें और गहरी सांस लेने की कोशिश करें। अब सुगंध के साथ खुद को एक स्थिति में लाने का प्रयास करें। ध्यान के बाद धीरे-धीरे अपनी आंखों को आराम से खोलें। आपको शांति और खुशी ( इन तरीकों से लाइफ में ला सकते हैं खुशियां) का एहसास होगा।

### अरोमा योग के फायदे

अगर आपको मन बेचैन रहता है तो आप इस अभ्यास से अपने मन को एक स्थिर और शांत स्थिति में ले जा सकते हैं जिससे मानसिक (मेंटल हेल्थ को इस ट्रिक से करें मजबूत) चिंता और तनाव कम हो सकता है। इस योग से आपको नींद की समस्या दूर करने में मदद मिल सकती है। ये आपको अच्छी नींद प्राप्त करने में मदद कर सकता है।

अरोमा योग करने से अपनी भावनाओं पर आप नियंत्रण रख सकते हैं और अपनी आत्मा के साथ जुड़ सकते हैं। अरोमा योग करने से पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है और आप खुशी महसूस कर सकते हैं।



## वास्तु यंत्र घर पर रखना हो तो जानें तरीका




वास्तु के अनुसार वास्तु यंत्र की घर में स्थापना करना काफी अच्छा माना जाता है। यह एक छोटा सा यंत्र है, जो आपके घर में पॉजिटिविटी को बनाए रखने में मदद करता है। ऐसा माना जाता है कि जिस घर में वास्तु यंत्र में रखा जाता है, वहां पर लोगों को सिर्फ धनलाभ ही नहीं होता है, बल्कि परिवार में ढेरों खुशियां आती है।

हालांकि, इसे घर में रखने का अपना एक तरीका होता है। वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज बता रहे हैं कि घर में वास्तु यंत्र रखते समय आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए-

वास्तु यंत्र को रखने के नियम जानने से पहले आपको यह अवश्य जान लेना चाहिए कि यह वास्तव में क्या है। दरअसल, वास्तुयंत्र एक छोटा सा यंत्र है, जिसे लोग अपने घर में रखते हैं। यह एक चौकोर आकार का यंत्र होता है, जो अष्टधातु से बना होता है। ऐसा माना जाता है कि इसे घर में रखने से घर की नेगेटिव एनर्जी दूर होती है। जिससे घर में खुशहाली आती है।

### ईशान कोण में रखें वास्तु यंत्र

जब आप अपने घर में वास्तु यंत्र रखते हैं तो आपको दिशा व स्थान का खासतौर पर ख्याल रखना चाहिए। वास्तु यंत्र के लिए ईशान कोण अर्थात पूर्व-उत्तर की दिशा सबसे अच्छी मानी गई है। हालांकि, अगर आप चाहें तो वास्तु यंत्र को पूजा स्थान में या फिर भगवान की फोटो के करीब भी रख सकते हैं।

### धातु पर दें ध्यान

आजकल वास्तु यंत्र कई अलग-अलग धातुओं पर उकेरे जाते हैं। आप चांदी, सोने, ताम्रपत्र या क्रिस्टल का वास्तु यंत्र इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा, पीतल का वास्तु यंत्र भी घर में रखा जा सकता है। लेकिन कभी भी लोहे या पत्थर पर वास्तु यंत्र अंकित ना करें।

### जरूर देखें शुभ मुहूर्त

जब भी आप घर में वास्तु यंत्र की स्थापना कर रहे हैं तो हमेशा आपको शुभ मुहूर्त अवश्य देखना चाहिए। कभी भी रविवार या मंगलवार के दिन वास्तु यंत्र की स्थापना ना करें। इतना ही नहीं, वास्तु यंत्र की स्थापना करने से पहले उसे गंगाजल से साफ करें।

### करें तिलक

जब आप किसी खास त्योहार पर घर में पूजन करते हैं तो आपको भगवान के पूजन की तरह ही वास्तु यंत्र का पूजन भी जरूर करना चाहिए। आप वास्तु यंत्र का तिलक करें और फूल अर्पित करें।

## साइकिल चलाने के कई फायदे और नुकसान,जानिए जरूर



बिगड़ती लाइफस्टाइल मोटापे के साथ-साथ कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन रही है। ऐसे में इन समस्याओं से बचाव करने के लिए शरीर में कुछ तरह की एक्टीविटी जरूरी है, ताकि शरीर को स्वस्थ्य रखने में कुछ मदद मिल सके।

ऐसे में साइकिलिंग एक बेहतरीन एक्टिविटी साबित हो सकती है। साइकिलिंग करके खुद के शरीर को एक्टिव और फिट बनाना आसान हो सकता है। वजह यह है कि इसे भी एक तरह की एक्सरसाइज ही माना जाता है। साइकिलिंग के दौरान दिल की धड़कन तेज हो जाती है, जो एक तरह से दिल के स्वास्थ्य के लिए एक्सरसाइज हो सकती है। अध्ययनों के अनुसार, साइकिल चलाने जैसी गतिविधि से हृदय व रक्त वाहिकाओं से संबंधी (कार्डियोवैस्कुलर) जोखिम कम किया जा सकता है। इस संबंध में शोध में मध्यम आयु वर्ग के पुरुषों को शामिल किया गया। शोध में पाया गया कि जो लोग कोई काम नहीं करते हैं, उनकी तुलना में साइकिल चलाने जैसी एक्टिविटी में भाग लेने वाले लोगों का हृदय बेहतर तरीके से काम करता है। जो यह दर्शाता है कि साइकिल चलाने के फायदे हमारे दिल की सेहत का ख्याल रख सकते हैं।

अगर कोई वजन प्रबंधन या वजन कम करने के उपाय की तलाश में हैं, तो उनकी भी यह तलाश साइकिलिंग से पूरी हो सकती है। जैसा मौजूदा अध्ययन बताते हैं कि कैलोरी बर्न करने में साइकिल चलाने के फायदे देखे जा सकते हैं, जो वजन घटाने में मदद कर सकते हैं। एक शोध के मुताबिक, लगभग 6 महीन तक साइकिल चलाने से 12 फीसदी वजन कम किया जा सकता है।ॉ इस शोध में शामिल महिलाओं को प्रतिदिन 60 मिनट के लिए पैदल चलने, साइकिल चलाने और तैराकी करने के लिए कहा गया। इसमें पैदल चलने और साइकिल चलाने की प्रक्रिया को वजन कम करने में मददगार पाया गया। बस ध्यान रहे कि वजन कम करने के लिए साइकिलिंग के साथ-साथ संतुलित खान-पान का भी ध्यान रखना जरूरी है। साइकिल चलाने के फायदे टाइप 2 मधुमेह के जोखिम को भी कम करने में मदद कर सकते हैं।

कार्नर न्यूज

हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए त्वचा से जुड़ी समस्याओं को

# मधुमेह भी हो सकती है त्वचा में आने वाली समस्याओं की एक वजह, रहिए सावधान

त्वचा में खुजली, खुस्की, लालिमा जैसी समस्याएं होना सामान्य है, ये किसी एलर्जी, प्रतिक्रिया या बीमारियों के कारण हो सकती है। पर हर बार इन समस्याओं को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। त्वचा की कुछ समस्याएं अंतर्निहित बीमारियों का संकेत भी हो सकती हैं जिसके बारे में गंभीरता से ध्यान दिया जाना आवश्यक हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, त्वचा में खुजली, ड्राई स्किन जैसी समस्याएं रक्त संचरण की समस्याओं के कारण हो सकती हैं और परिसंचरण में होने वाली समस्याएं गंभीर समस्याकारक भी हो सकती है, इसलिए इनपर ध्यान दिया जाना बहुत आवश्यक है। डॉक्टर कहते हैं, मधुमेह जैसी क्रोनिक बीमारियों की स्थिति में त्वचा से संबंधित विकारों का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। डायबिटीज की स्थिति वाले कुछ लोगों में त्वचा की समस्याएं गंभीर रूप भी ले सकती हैं।



डॉक्टर कहते हैं, मधुमेह जैसी क्रोनिक बीमारियों की स्थिति में त्वचा से संबंधित विकारों का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। डायबिटीज की स्थिति वाले कुछ लोगों में त्वचा की समस्याएं गंभीर रूप भी ले सकती हैं। यदि आपका भी ब्लड शुगर लेवल अक्सर अनियंत्रित रहता है तो इन समस्याओं पर गौर करना बहुत आवश्यक हो जाता है। आइए जानते हैं कि डायबिटीज वाले लोगों में त्वचा की किन समस्याओं को जोखिम अधिक हो सकता है?

### त्वचा पर छालों की समस्या

मधुमेह वाले लोगों में त्वचा पर छाले होने की दिक्कत काफी आम है, इसमें हाथों की उंगलियों, पैर की उंगलियों, हाथों, पैरों में छाले होने लगते हैं। आमतौर पर ये छाले सफेद होते हैं। छाले डरावने लग सकते हैं, लेकिन वे आम तौर पर दर्द नहीं देते और लगभग दो-तीन सप्ताह में अपने आप ठीक हो जाते हैं। ये छाले इस बात का संकेत हो सकते हैं कि आपको मधुमेह है या आपके ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित नहीं है। इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना आवश्यक माना जाता है।

### डिजिटल स्केलेरोसिस

मधुमेह के शिकार लोगों में डिजिटल स्केलेरोसिस होने का खतरा भी काफी आम होता है, जिसमें आपकी त्वचा सामान्य से मोटी हो जाती है। टाइप-1 और टाइप-2 दोनों प्रकार के डायबिटीज के शिकार लोगों में ये समस्या हो सकती हैं। हाथों के पीछे या उंगलियों या पैर की उंगलियों पर त्वचा मोटी और मोम नुमा हो सकती है। अगर आपके ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित नहीं रहता है तो इस रोग के विकसित होने का जोखिम अधिक होती है।

### नेक्रोबायोसिस लिपोइडिका

नेक्रोबायोसिस का मतलब है कोशिकाओं का डेड होना। आपकी त्वचा पर छोटे, उभरे हुए, लाल धब्बे धीरे-धीरे बड़े और चमकदार हो जाते हैं और कभी-कभी पीले हो जाते हैं। इसमें त्वचा पतली और फट भी सकती है, जिससे घाव हो सकते हैं जिसमें अल्सर होने का भी खतरा देखा जाता रहा है। वैसे तो इस तरह के मामले काफी दुर्लभ है, मधुमेह से पीड़ित 300 लोगों में से केवल एक को ही यह बीमारी होती है। मधुमेह रोगियों को त्वचा की समस्याओं पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जाती है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एन्ना ने रचा इतिहास, एमी पुरस्कार में बनीं पहली एशियाई कलाकार



अभिनेत्री एन्ना सवाई ने सर्वश्रेष्ठ ड्रामा अभिनेत्री एमी पुरस्कार जीतने वाली पहली एशियाई कलाकार बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने 'शोगुन' शो में अपनी दमदार उपस्थिति के लिए प्रतिष्ठित ड्रामा सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला है। एन्ना ने जेनिफर एनिस्टन, कैरी कून, माया पुरस्कार जीतने के बाद सवाई ने अपनी टीम को धन्यवाद दिया और अपनी मां के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा, 'हमारी कहानी पर विश्वास करने के लिए जॉन लैंडग्राफ और पूरी एफएक्स टीम को धन्यवाद। मुझ पर विश्वास करने और मुझे यह भूमिका देने के लिए जस्टिन और राहेल को धन्यवाद।' उन्होंने आगे कहा, 'अंत में, मेरी टीम को धन्यवाद और मेरे परिवार को धन्यवाद। मां, मैं तुमसे प्यार करती हूं। तुम्हारी वजह से ही मैं यहां हूं। तुमने मुझे धैर्य दिखाया और इसी तरह मैं इसे करने में सक्षम थी। यह उन सभी महिलाओं के लिए है जो किसी चीज की उम्मीद नहीं करती हैं और सभी के लिए एक उदाहरण बनी रहती हैं।' बता दें कि यह सवाई का पहला एमी नामांकन और पहली जीत थी। वैराइटी की रिपोर्ट के अनुसार, 'शोगुन' को इस साल 25 एमी नामांकन मिले, जिससे यह इस साल के एमी की सबसे अधिक नामांकित सीरीज बन गई। यह जेम्स क्लेवेल के 'शोगुन' नाम के उपन्यास पर आधारित है, जो वास्तविक जापानी इतिहास से प्रेरित था। सीरीज में सवाई ने टोडा मारिको की भूमिका निभाई है।

### टॉलीवुड

## 'कार्ती 29 का ऐलान, 'तानाकारन' फेम तमीज संभालेंगे निर्देशन की कमान



रविवार को प्रोडक्शन बैनर ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स ने अपनी नई फिल्म की घोषणा की। अभिनेता कार्ती की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म का नाम अस्थायी रूप से 'कार्ती 29' रखा गया है और इसका निर्देशन फिल्म निर्माता तमीज ने किया है, जिन्होंने पहले 'तानकारन' बनाई थी। अभिनेता कार्ती अलग-अलग जॉनर की फिल्मों में हाथ आजमाते नजर आते हैं। इसी कड़ी में अभिनेता ने रविवार को अपनी अगली फिल्म के बारे में एक नई घोषणा की। 'कार्ती 29', 'तानकारन' के बाद तमीज की दूसरी फिल्म है। वहीं, कार्ती के साथ वह पहली बार काम करने जा रहे हैं। 'कार्ती 29' फिल्म का निर्माण ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स करेगा। इसके तहत पहले 'थीरन अधिगारम ओन्ड्रू', 'अरुवी', 'कैथी' और 'फरहाना' जैसी फिल्मों का निर्माण किया जा चुका है। एसआर प्रकाशबाबू और एसआर प्रभु फिल्म के निर्माता के रूप में काम करेंगे। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि कार्ती ने अक्सर इस बैनर के साथ सहयोग किया है और 'थेरन अधिगारम ओन्ड्रू', 'कैथी', 'सुल्तान', 'काशमोरा' और 'जापान' जैसी फिल्में दी हैं। शीर्षक पोस्टर एक मोनोटोन रंग पैलेट में है और एक जहाज को समुद्र के माध्यम से चलते हुए दिखाया गया है। एक पीरियड फिल्म कहे जाने वाले इस प्रोजेक्ट को बड़े पैमाने पर बनाया गया है। 'कार्ती 29' का सह निर्माण आइवी एंटरटेनमेंट और बी4यू मोशन पिक्चर्स द्वारा किया जाएगा, जिसका नेतृत्व ईशान सक्सेना, सुनील शाह और राजा सुब्रमण्यम करेंगे। फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। इसे 2025 में रिलीज करने की योजना है। 'कार्थी 29' फिलहाल प्री-प्रोडक्शन चरण में है। 'कार्थी 29' के अन्य कलाकारों और क्रू अपडेट का खुलासा आने वाले दिनों में प्रोडक्शन हाउस द्वारा किया जाएगा।

### भोजपुरी

## 'चिंटू की दुल्हनिया' में यामिनी के साथ इश्क फरमाएंगे चिंटू



भोजपुरी फिल्मों के युवा स्टार प्रदीप पाण्डेय चिंटू की बहुप्रतीक्षित फ़िल्म 'चिंटू की दुल्हनिया' रिलीज के लिए तैयार है। आगामी 20 सितम्बर से यह फ़िल्म सिनेमाघरों में दर्शकों के समक्ष रिलीज की जा रही है। फ़िल्म को बड़े पैमाने पर एकसाथ कई टेरिटरी में रिलीज किया जाएगा। फ़िल्म के ट्रेलर ने अपने रीलीजिंग के कुछ ही घण्टों में इतिहास रचते हुए लम्बे समय तक ट्रेंडिंग में रहने का कीर्तिमान स्थापित किया था। ऐसे में फ़िल्म की रीलीजिंग को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। पिछले एक लम्बे अरसे से भोजपुरी फिल्में सिनेमाघरों में कुछ खास कमाल नहीं कर पाई हैं, शायद इसकी एक खास वजह फिल्मों में उस तरह का सामाजिक विषयों और मेकिंग में दम नहीं होना भी हो सकता है लेकिन फ़िल्म चिंटू की दुल्हनिया इस परिपाटी को तोड़ने और एक नया इतिहास दोबारा से लिखने को तैयार है। फ़िल्म 'चिंटू की दुल्हनिया' के विषय वस्तु की बात किया जाए तो फ़िल्म में हॉरर सहित हास्य और रोमांस के साथ एक्शन का ट्रायो कॉम्बिनेशन देखने को मिलेगा। फ़िल्म के मेकर्स ने भी अपने स्तर से फ़िल्म को बेहतर बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखा है, इस फ़िल्म में पुरातन भोजपूरी परम्परा को जीवंत किया गया है, जिसे लम्बे अरसे के बाद दर्शक सिल्वर स्क्रीन पर सामने से अनुभव करेंगे। फ़िल्म में चिंटू के दादाजी के रूप में परिवार के मुखिया का आतंक दिखता है जिनका शासन पूरी फिल्म के दौरान दर्शको को उनकी घर के बुजुर्गों की याद दिलाने को मजबूर करता है। एक पुरातन रूढ़िवादी परम्परा के अंदर पूरी फैमिली को टॉर्चर करती हुई उनकी जिद्द से पूरा परिवार परेशान है लेकिन कोई उनके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाता।




फैशन डिजाइनर कुणाल रावल का शो लैम्बोर्गिनी के सहयोग से मुंबई में आयोजित किया गया। 'रेस फॉर सेपरेट्स' शीर्षक के इस कलेक्शन में पूर्व और पश्चिम के प्रभावों का मिश्रण था और ये सभी मौसम के अनुकूल स्टाइल थे। जिसमें कुर्ते, बंद गला और जैकेट शामिल थे। जिन्हें अलग-अलग पहना जा सकता है। कुणाल के इस कलेक्शन को भरपूर तारीफ मिली।

## बदलते मौसम में फटने लगे हैं होंठ तो उठाएं यह कदम



बारिश जा रही है और सर्द मौसम दस्तक देने को है। ऐसे में होंठों को भी त्वचा की ही तरह बदलते मौसम में अतिरिक्त केयर की जरूरत होती है। अगर नारियल के तेल से मिलने वाले फायदों की बात करें तो इसमें ओमेगा-3 होता है जो कि आपकी स्किन में अंदर से नमी को लॉक करता है। इसके साथ ही ये एक तरह के हीलर की तरह काम करता है, जो होंठों के लिए काफी फायदेमंद होता है। अगर आप नारियल के तेल से अपने होंठों पर मसाज करेंगे तो इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा। इससे लिए सबसे पहले टूथ ब्रश को गीला करें और हल्के हाथ से होठों को रगड़ें।

इससे होंठों की डेड स्किन निकल जाएगी।अगर आप जल्दी फटे होंठों से राहत पाना चाहते हैं तो नारियल के तेल में हल्का सा जैतून का तेल मिलाएं। अब इसे आप हर रोज सोने से पहले अपने होंठों पर लगा सकते हैं। जिस तरह ज्यादातर लोग लिप बाम का इस्तेमाल करते हैं, ठीक उसी तरह से आप भी नारियल के तेल को लिप बाम की तरह अपने होंठों पर लगा सकते हैं। इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा।

## त्यौहारों पर दिखाना है जलवा तो पहन सकती हैं इस तरह की डिजाइनर साड़ियां




त्यौहार हर विवाहित महिला के लिए बेहद खास होता है। भारतीय विवाहित त्यौहारों को मनाना कभी नहीं भूलतीं। अपने हर त्यौहार को खास बनाने के लिए महिलाएं कई श्रृंगार करती हैं और नई-नई साड़ी पहनती हैं। आज कुछ डिजाइनर साड़ी पर बात की जाए। ये सभी साड़ियां आपको आसानी से बाजारों में मिल जाएंगी।

### सीक्वेन साड़ी

अगर आप धार्मिक त्यौहारों पर ग्लैमरस दिखना चाहती हैं तो इस तरह की सीक्वेन साड़ी कैरी करें। ये देखने में काफी प्यारी लगती हैं।



### सिल्क साड़ी

ससुराल में अगर ये आपका पहला धार्मिक त्यौहार है तो लाल रंग की सिल्क की साड़ी आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। ये देखने में बेहद खूबसूरत लगती है।

### रफल साड़ी

इस तरह की साड़ी आपको किसी डिजाइनर शोरूम पर ही मिलेगी। ऐसी साड़ियां काफी क्लासी लगती हैं। आप इन्हें ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंट

अगर आप कुछ सिंपल पहनना चाह रही हैं तो इस तरह की फ्लोरल प्रिंट की साड़ी आपके लिए परफेक्ट है। ये देखने में भी काफी खूबसूरत लगती है।

### शिफॉन साड़ी

अगर आपको लाल साड़ी ही पहननी तो हैवी ब्लाउज के साथ इस तरह की शिफॉन की साड़ी आप पहन सकती हैं। इसे पहनकर आपका लुक निखर कर सामने आएगा।

### आर्गेंजा साड़ी

इस तरह की साड़ियां काफी हल्की होती है लेकिन इन्हें कैरी करना थोड़ा मुश्किल होता है। दरअसल, इन्हें पहनते वक्त आपको कई पिन की जरूरत पड़ेगी। वरना ये खिसकती रहेगी। ये देखने में काफी क्लासी लगती हैं।

## हर लुक में खास आपको दिखाएगी कश्मीरी डिजाइन की ये झुमकियां



सूट-सलवार से लेकर साड़ी तक के साथ में हम स्टाइलिंग करते समय कई बातों का खासतौर से ध्यान रखते हैं। ऐसे में फैशन के बदलते दौर में रोजाना मार्केट में कुछ न कुछ नया देखने को मिल जाता है। ऐसे में अक्सर हम एवरग्रीन फैशन में रहने वाली चीजें ही स्टाइल करना पसंद करते हैं।

लुक में जान डालने के लिए इयररिंग्स का रोल अहम होता है। इसमें आजकल कश्मीरी डिजाइन की झुमकियां पहनना काफी पसंद किया जा रहा है। तो आइए देखते हैं कश्मीरी झुमकियों की नई डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन झुमकियों को आकर्षक लुक देने के आसान टिप्स-

### पर्ल झुमकी डिजाइन

पर्ल को एवरग्रीन पसंद किया जाता है। इसमें आपको कई सारे डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। वहीं कश्मीरी झुमकी में चेन और झुमकी की लटकन में बड़े साइज का मोती यानी पर्ल लगाया जा सकता है। इसके अलावा बारीक डिजाइन के बीड्स को भी आप झुमकी में लगवा सकती हैं।

### मां दुर्गा डिजाइन झुमकी

आप चाहें तो मां दुर्गा के डिजाइन वाले लॉन्ग झुमकी डिजाइन के इयररिंग्स को पहन सकती हैं। इस तरह की झुमकी में आपको टेम्पल ज्वेलरी की तरह दिखने वाले डिजाइन की झुमकी को पहन सकती हैं। मां दुर्गा के अलावा आप राधा-कृष्णा या भगवान राम के डिजाइन वाले इयररिंग्स भी सूट या साड़ी के साथ में पहन सकती हैं।

### गोल झुमकी डिजाइन

सिंपल डिजाइन की कश्मीरी झुमकी पहनना चाहती हैं तो इस तरह की चेन वाले डिजाइन को पहन सकती हैं। केवल यह इयररिंग्स पहनने से आपको गले में कुछ भी नेकलेस या चेन को पहनने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## फेस्टिव सीजन के लिए अपनाएं खास लिपस्टिक



फेस्टिवल सीजन में अच्छे-अच्छे कपड़े पहनकर तैयार होना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए हम पहले से ही शॉपिंग कर लेते हैं। साथ में पहनने के लिए ट्रेंडिंग ज्वेलरी और मेकअप को भी खरीदते हैं। लेकिन अक्सर हम लिपस्टिक को लेकर कंफ्यूज हो जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम कभी डार्क शेड लेते हैं, तो कभी लाइट लगाने के बारे में सोचते हैं। अगर आपको भी लिपस्टिक शेड चूज करने में कई बार सोचते हैं, तो ऐसा न करें। आर्टिकल में बताए गए शेड को चूज करें। चलिए बताते हैं फेस्टिवल पर कैसे शेड्स को आप अप्लाई कर सकती हैं।

### बोल्ड रेड लिपस्टिक शेड

रेड लिपस्टिक ज्यादातर वो लड़कियां लगाना पसंद करती हैं, जिनका स्किन टोन ब्राइट होता है। ऐसे में यह कलर लगने के बाद अच्छा लगता है। लेकिन अगर हम लाइट कलर के कपड़ों को स्टाइल करते हैं, तो यह शेड सही नहीं लगता है। ऐसे में ग्लॉसी की जगह मैट रेड लिपस्टिक को खरीदें। इसे अपने होंठों पर अप्लाई करें। इसे लगाने से आपके होंठ सुंदर लगेंगे। साथ ही, आपका मेकअप लुक अच्छे से हाइलाइट होता दिखेगा। इस तरह की लिपस्टिक शेड्स को आप दुकान से जाकर खरीदें। साथ ही, इसकी डेट को भी चेक करना न भूलें।

### बरगंडी लिपस्टिक शेड

आप लाइट और डार्क हर तरह के आउटफिट के साथ बरगंडी लिपस्टिक शेड को अप्लाई कर सकती हैं। इस तरह की लिपस्टिक लगने के बाद अच्छी लगती है। साथ ही, बोल्ड लुक के लिए बेस्ट होती है। इसके साथ आपको लाइट मेकअप लुक क्रिएट करना है, ताकि आपके होंठ अच्छे लगे। इस तरह की लिपस्टिक में भी आपको लिक्विड और मैट दोनों मिल जाएगी। जिसे आप अपने होंठों के हिसाब से खरीद सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### रूखे, उलझे और बेजान बालों की सही देखभाल बेहद जरूरी

## होममेड नेचुरल हेयर कंडीशनर आपके बेजान बालों को दे सकते हैं नई जिंदगी

*कंडीशनिंग एक प्रक्रिया है जो आपके बालों में नमी बनाए रखने में मदद करती है। ये बालों को मुलायम, चिकना और उलझकर टूटने से भी बचाती है। हालांकि, बालों में केमिकल युक्त कंडीशनर के इस्तेमाल से लंबे वक्त में वह खराब हो सकते हैं। केमिकल युक्त हेयर कंडीशनर कई बार बालों की सेहत पर भी खराब असर डालते हैं। इसीलिए आपको होममेड नेचुरल हेयर कंडीशनर के बारे में जरूर जानना चाहिए। इन्हें आप घर पर ही बनाकर आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं।*



### विनेगर और अंडे का कंडीशनर

एक अंडे की सफेदी,टेबलस्पून ऑलिव ऑयल ,एक टेबलस्पून शहद, दो टेबलस्पून नींबू का जूस और एक टेबल स्पून विनेगर को किसी कटोरी में एक साथ मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। पहले बालों को शैंपू करके धो डालें। किसी कटोरी में पेस्ट लेकर चार अंगुलियों से उठा लें। थोड़े से पेस्ट को गीले बालों की जड़ों से बाहर की तरफ लगाएं। सिर को जोर से न रगड़ें वरना बाल टूट सकते हैं। करीब 10-15 मिनट पेस्ट को बालों में लगा रहने दें। इसके बाद पानी से सिर को धो डालें। अगर आवश्यकता हो तो शैंपू से भी धो सकते हैं।

### केले का हेयर मास्क

आधा पका हुआ केला, तीन टेबलस्पून शहद, तीन टेबलस्पून दूध,तीन टेबलस्पून ऑलिव ऑयल और एक अंडे की सफेदी को किसी कटोरी में एक साथ मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। पहले बालों को शैंपू करके धो डालें। किसी कटोरी में पेस्ट लेकर चार अंगुलियों से उठा लें। थोड़े से पेस्ट को गीले बालों की जड़ों से बाहर की तरफ लगाएं। सिर को जोर से न रगड़ें वरना बाल टूट सकते हैं। करीब 15-30 मिनट पेस्ट को बालों में लगा रहने दें। इसके बाद पानी से सिर को धो डालें। अगर आवश्यकता हो तो शैंपू से भी धो सकते हैं।

### नारियल तेल और शहद कंडीशनर

एक टेबलस्पून नारियल तेल, एक टेबलस्पून शहद, एक टेबलस्पून नींबू का जूस, दो टेबलस्पून दही और टी स्पून गुलाब जल को किसी कटोरी में एक साथ मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। पहले बालों को शैंपू करके धो डालें। किसी कटोरी में पेस्ट लेकर चार अंगुलियों से उठा लें। थोड़े से पेस्ट को गीले बालों की जड़ों से बाहर की तरफ लगाएं। सिर को जोर से न रगड़ें वरना बाल टूट सकते हैं।

